शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 56 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 22 मार्च 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

143 देशों के ग्लोबल हैप्पीनेस इंडेक्स में 126वें स्थान पर भारत

न्यूयार्क

नई दिल्ली

143 देशों की ग्लोबल हैप्पीनेस इंडेक्स (वैश्विक प्रसन्नता सूचकांक) में भारत 126वें स्थान पर है। बुधवार को जारी इस इंडेक्स में फिनलैंड लगातार सातवीं बार शीर्ष पर है और हमास के साथ पांच महीनों से जारी युद्ध के बावजूद इजरायल पांचवें स्थान पर है। यूएन इंटरनेशनल डे आफ हैप्पीनेस के अवसर जारी इंडेक्स में भारत से नीचे लीबिया, इराक, फलस्तीन और नाइजर जैसे देश हैं। यह रिपोर्ट गैलप, द आक्सफोर्ड वेलबीइंग रिसर्च सेंटर, द यूएन सस्टेनेबल डेवलेपमेंट सोल्यूशंस नेटवर्क और डब्ल्यूएचआर एडिटोरियल बोर्ड की साझीदारी से बनाई गई है। इसका प्रकाशन सबसे पहले 2012 में किया गया था और तब से पहली बार अमेरिका (23वां स्थान) शीर्ष 20 देशों में से बाहर हो गया है। इसका कारण वहां 30 वर्ष से कम उम्र के लोगों का नाखुश होना है। अफगानिस्तान इंडेक्स में आखिरी पायदान पर है, जबकि पाकिस्तान 108वें स्थान पर है। इसके मुताबिक, भारत में युवा सबसे अधिक खुश हैं, जबकि निम्न मध्यमवर्गीय लोग सबसे कम खुश हैं। भारत में अधिक उम्र उच्च जीवन संतुष्टि से जुड़ी है और यह उन दावों के विपरीत है कि उम्र और जीवन संतुष्टि के बीच सकारात्मक संबंध केवल उच्च आय वाले देशों में मौजूद है। औसतन भारत में वृद्ध पुरुष, वृद्ध महिलाओं की तुलना में जीवन से अधिक संतुष्ट हैं, लेकिन अन्य सभी मानकों को ध्यान में रखें तो वृद्ध महिलाएं, वृद्ध पुरुषों की तुलना में जीवन से अधिक संतुष्ट हैं। भारत में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त वृद्ध वयस्क और उच्च जातियों के लोग बिना औपचारिक शिक्षा वाले और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लोगों की तुलना में जीवन से अधिक संतुष्ट हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की वृद्ध आबादी दुनियाभर में दूसरी सबसे बड़ी है, जिसमें 60 और उससे अधिक उम्र के 14 करोड़ भारतीय हैं, जो 25 करोड़ चीनी समकक्षों के बाद दूसरे स्थान पर हैं। इसके अतिरिक्त 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के भारतीयों की औसत वृद्धि दर देश की समग्र जनसंख्या वृद्धि दर से तीन गुना अधिक है। रहने की व्यवस्था से संतुष्टि, कथित भेदभाव और स्व-निर्धारित स्वास्थ्य इस अध्ययन में भारत के लिए जीवन संतुष्टि के शीर्ष तीन आधार के रूप में उभरकर सामने आए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2013 की तुलना में सर्बिया (37वां स्थान) और बुल्गारिया (81वां स्थान) में औसत जीवन मूल्यांकन स्कोर में सबसे बड़ी वृद्धि हुई है।

शराब नीति केस में केजरीवाल गिरफ्तार

केजरीवाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज हो सकती है सुनवाई, गिरफ्तारी के खिलाफ आप की याचिका

नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राहत नहीं मिलने के बाद बृहस्पतिवार देर रात प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम तलाशी लेने के लिए सीएम आवास पर पहुंची। इसकी सूचना मिलने पर आम आदमी पार्टी के कई विधायकों समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सीएम आवास पहुंच गए और हंगामा करने लगे। इस दौरान ईडी और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। दो घंटे की पूछताछ के बाद केजरीवाल को गिफ्तार कर ईडी की टीम मुख्यालय लेकर रवाना हो गई।

केजरीवाल आवास पर कब क्या हुआ

- 7 बजे रात - ईडी की टीम सीएम आवास पहुंची
- 7.10 बजे - ईडी ने अधिकारी को वारंट दिखाया
- 7:15 बजे - आप कार्यकर्ता सीएम आवास पर जुटना शुरू
- 7:17 बजे - आप कार्यकर्ताओं का हंगामा
- 7:20 बजे - ईडी की टीम को सीएम आवास में जाने दिया गया
- 7:42 बजे - सीएम आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ाई
- 7:50 बजे - सीएम आवास पर बढ़ा हंगामा
- 8:45 बजे - आप विधायक व कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया
- 9:15 बजे - मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को किया गिरफ्तार

भाजपा ने करोड़ों लोगों का किया अपमान: गोपाल राय

आप नेता गोपाल राय ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद एक लड़ाई शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि आप आज सुबह 10 बजे बीजेपी मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेगी। गोपाल राय ने कहा कि अगर भाजपा सोचती है कि वे आम आदमी पार्टी को खत्म कर सकते हैं और अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करके पूरे विपक्ष को धमकी दे सकते हैं, तो वे गलत हैं।

दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने कहा कि देश स्तब्ध है कि

अदालत में मामला विचाराधीन होने के बावजूद आनन-फानन में तत्कालीन मुख्य सचिव ने आबकारी नीति में अनियमितता होने के संबंध में एक रिपोर्ट उपराज्यपाल को सौंपी थी। इसमें नीति में गड़बड़ी होने के साथ ही तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर शराब कारोबारियों को अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया गया था।

दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि आज देश में इस बात का एलान हुआ है कि अगर भाजपा और उसकी सरकार के खिलाफ कोई बोलने की जुर्रत करेगा तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ने करोड़ों लोगों का अपमान किया है। यह दिल्ली के दो करोड़ लोगों की गिरफ्तारी है। देश के संविधान से मोहब्बत करने वालों को गिरफ्तार किया गया है।

क्या जेल से सरकार चला सकते हैं सीएम अरविंद केजरीवाल? क्या कहते हैं कानून के जानकार

दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास के बाहर मौजूद मंत्री आतिशी ने गिरफ्तारी के बाद कहा कि अरविंद केजरीवाल ही मुख्यमंत्री रहेंगे। केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री थे, हैं और रहेंगे। चाहे जेल से सरकार चलानी पड़ी तो चलाएंगे। आतिशी की मानें तो देश के इतिहास में पहली बार ऐसा देखने को मिलेगा कि किसी राज्य के मुख्यमंत्री जेल से सरकार चलाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने क्या कहा?

अब सवाल है- क्या जेल से सरकार चलाई जा सकती है? या जेल में रहकर कोई मुख्यमंत्री सरकार चला सकता है।

कानून के जानकार का क्या कहना?

इस सवाल को लेकर राज्यसभा के पूर्व महासचिव योगेंद्र नारायण ने कहा कि केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार किया है, ऐसे में यदि उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जाता है तो यह सीधे तौर पर अदालत पर निर्भर होगा कि वह उन्हें मुख्यमंत्री पद के दायित्व का निर्वहन करने

देती है या नहीं। उन्होंने आगे कहा कि इसे लेकर संवैधानिक नियम-कायदे जैसी कोई बात नहीं है। हालांकि, पूर्व में ऐसा कोई मामला ध्यान में नहीं आता, जबकि किसी प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री ने जेल में रहकर सरकार चलाई हो। किसी सरकारी अधिकारी के जेल जाने की स्थिति में उसे निलंबित करने का कानून है, लेकिन राजनेताओं पर कानूनी तौर पर ऐसी कोई रोक नहीं है। फिर भी चूंकि दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है, ऐसे में अगर मुख्यमंत्री इस्तीफा नहीं देते हैं तो राष्ट्रपति दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू कर सकते हैं।

-न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) सुधीर अग्रवाल, न्यायिक सदस्य एनजीटी

रोहिंग्या मुस्लिम के रहने से राष्ट्रीय सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव: केंद्र सरकार

नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि विदेशियों को सभी मामलों में शरणार्थी के रूप में स्वीकृति नहीं दी जा सकती है। विशेष रूप से तब, जब ऐसे ज्यादातर लोग अवैध रूप से देश में घुसे हैं। सरकार ने दावा किया कि रोहिंग्याओं के लगातार अवैध तरीके से रहने से राष्ट्रीय सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ा है।सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा है कि भारत ने 1951 के शरणार्थी समझौते पर या शरणार्थियों की स्थिति से संबंधित प्रोटोकाल, 1967 पर हस्ताक्षर नहीं किया है। इस प्रकार किसी भी वर्ग के व्यक्ति को शरणार्थी

के रूप में मान्यता दी जानी है या नहीं, यह एक शुद्ध नीतिगत निर्णय है। हलफनामा उस याचिका के संबंध में दाखिल किया गया है, जिसमें केंद्र को उन रोहिंग्याओं को रिहा करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, जिन्हें जेलों या हिरासत केंद्रों या किशोर गृहों में रखा गया है। इन्हें बिना कोई कारण बताए या विदेशी अधिनियम के प्रविधानों के कथित उल्लंघन के लिए हिरासत में लिया गया है। हलफनामे में कहा गया है कि दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और सीमित संसाधनों वाले विकासशील देश के रूप में अपने नागरिकों को प्राथमिकता देना आवश्यक है।

'असम के मूल निवासियों पर सीएए का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा'

गुवाहाटी

केंद्रीय मंत्री सवानंद सोनोवाल ने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का असम के मूल निवासियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राज्य की 14 में से 12 सीट पर जीत दर्ज करेगा। उन्होंने कहा कि असम वासी अब अच्छी तरह से संरक्षित और सुरक्षित हैं, क्योंकि पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने उन मूल जातीय लोगों को पट्टा (भूमि अधिकार), भूमि दस्तावेज दिए

हैं जिनके पास पहले भूमि नहीं थी। केंद्रीय मंत्री ने बुधवार को एक इंटरव्यू में दावा किया कि लोकसभा चुनाव में वह राजग के लिए 12 से ज्यादा सीटों की उम्मीद कर रहे हैं। भाजपा ने असम की 14 में से 11 सीट पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं जबकि सहयोगी असम गण परिषद ने दो सीट पर और यूपीपीएल ने एक सीट पर उम्मीदवार उतारा है।

उन्होंने कहा, सीएए राष्ट्रीय कानून है। विपक्ष भड़काऊ बयानों से चाहे जो भी स्थिति पैदा कर रहा हो, इससे असम के नागरिकों पर असर नहीं पड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि रद्द किया अवैध प्रवासी (ट्रिब्यूनल द्वारा निर्धारण) अधिनियम 1983 कांग्रेस सरकार का थोपा घातक व भेदभावपूर्ण कानून था। अगर सुप्रीम कोर्ट इसे रद नहीं करता तो कोई संदिग्ध विदेशी नहीं पकड़ा जाता।

सुप्रीम कोर्ट की तमिलनाडु के राज्यपाल को फटकार

पोनमुडी को दोबारा मंत्री बनाने से इनकार करने पर जताई नाराजगी

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने द्रमुक के वरिष्ठ नेता के पोनमुडी को राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में फिर से शामिल करने से इनकार करने पर तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को फटकार लगाई है। राज्यपाल के आचरण पर 'गंभीर चिंता' व्यक्त करते हुए कोर्ट ने उन्हें 24 घंटे के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया। इसमें कहा गया कि रवि सुप्रीम कोर्ट की अवहेलना कर रहे हैं।

पोनमुडी को मंत्री बनाने से किया था इनकार

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सिफारिश के बावजूद, राज्यपाल ने पोनमुडी को फिर से शामिल करने से इनकार कर दिया है, जिनकी आय से अधिक संपत्ति के मामले में दोषी ठहराए जाने और तीन साल की सजा पर शीर्ष अदालत ने हाल ही में रोक लगा दी थी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने आश्चर्य जताया कि राज्यपाल कैसे कह सकते हैं कि पोनमुडी की दोबारा नियुक्ति संवैधानिक नैतिकता के खिलाफ होगी। कोर्ट ने कहा, "मिस्टर अटॉर्नी जनरल, हम राज्यपाल के आचरण को लेकर गंभीर रूप से चिंतित हैं।

हम इसे अदालत में जोर से नहीं कहना चाहते थे, लेकिन वह भारत के सर्वोच्च न्यायालय की अवहेलना कर रहे हैं। जिन लोगों ने उन्हें सलाह दी है, उन्होंने उन्हें ठीक से सलाह नहीं दी। अब राज्यपाल को सूचित किया जाना चाहिए कि जब सर्वोच्च न्यायालय किसी दोषसिद्धि पर रोक लगाता है, तो वह अब दोषी नहीं है।"

बरेली से पकड़ा गया दूसरा आरोपी जावेद

बदायूं में दो मासूम बच्चों की निर्मम हत्या का अब खुलेगा राज

बदायूं: यूपी के बदायूं जिले में मंगलवार की शाम को दो बच्चों की हत्या की सनसनीखेज वारदात के दूसरे आरोपी को पुलिस ने बरेली से गिरफ्तार किया है। बदायूं पुलिस ने बरेली की बरादरी थाना पुलिस से सहयोग से सेटेलाइट चौराहे से पकड़ा है। पुलिस उसे बदायूं ले गई

है। जावेद पर 25 हजार रुपये का इनाम था। बदायूं के एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया आरोपी जावेद को बरेली से गिरफ्तार कर लिया गया है। जावेद वहां की बारादरी पुलिस चौकी में खुद को सरेंडर करने पहुंचा था इसके बाद वीडियो भी जारी किया। वीडियो में एक युवक ऑटो में बैठा दिखाई दे रहा है। वह अपना नाम जावेद बता रहा है। वह कहता है कि उसने कुछ नहीं किया है। जो कुछ भी किया है, उसके बड़े भाई ने किया है। पुलिस जावेद से पूछताछ कर रही है। आरोपी जावेद की लगातार पुलिस तलाश कर रही थी। उसकी तलाश में पुलिस की कई टीमें लगीं थीं।

इलेक्टोरल बांड: एसबीआई से मिली पूरी जानकारी चुनाव आयोग ने वेबसाइट पर की अपलोड

नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बांड पर एसबीआई से प्राप्त पूरी जानकारी को गुरुवार को अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया है। एसबीआई ने इलेक्टोरल बांड से जुड़ी विस्तृत जानकारी को आज ही आयोग के साथ साझा किया। चुनाव आयोग की ओर से अपलोड की गई दो फाइलों में इलेक्ट्रोरल बांड और उसे पार्टी तथा दानकर्ता के बीच जोड़ने वाले कोड की जानकारी है। पहली फाइन में राजनीतिक दल और दूसरी फाइल में दानकर्ता की जानकारी है। सर्वोच्च न्यायालय के 15 फरवरी, 11 मार्च और 18 मार्च के आदेश में निहित निर्देशों के अनुपालन में भारतीय स्टेट बैंक ने इलेक्टोरल बांड संबंधित डेटा प्रदान किया है।

राज्यपाल ने लौटाया मंदिरों पर टैक्स लगाने वाला विधेयक

बंगलूरू

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कर्नाटक सरकार के मंदिरों पर टैक्स लगाने वाले बिल को सरकार को वापस लौटा दिया है। राज्यपाल ने विधेयक में और ज्यादा स्पष्टीकरण के साथ फिर से देने का निर्देश दिया है। इस विधेयक में मंदिरों की कमाई पर टैक्स लगाने का प्रावधान है। भाजपा द्वारा इस विधेयक का विरोध किया जा रहा है।

किस आधार पर राज्यपाल ने लौटाया विधेयक

राजभवन की तरफ से कहा गया है कि साल 2011 और 2012 में जो कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक पेश किया गया था, उस पर हाईकोर्ट की धारवाड़ पीठ ने रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम

कोर्ट में चुनौती दी गई, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। राजभवन की तरफ से कहा गया है कि उसके बाद से मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। ऐसे में इस पर स्पष्टता जरूरी है कि क्या मामले के लंबित रहने के दौरान उसमें संशोधन किया जा सकता है या नहीं, खासकर जब पूरे विधेयक पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी।।

क्या है कर्नाटक का धार्मिक संस्थान विधेयक

कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने राज्य के मंदिरों पर टैक्स लगाने के लिए कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक 2024 पेश किया था।

इस विधेयक के तहत राज्य के जिन मंदिरों की सालाना कमाई 10 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये के बीच में है, उनसे सरकार पांच प्रतिशत टैक्स वसूलेगी। जिन मंदिरों की सालाना कमाई एक करोड़ रुपये से अधिक है, सरकार 10 प्रतिशत टैक्स लगाने की तैयारी कर रही है। यह विधेयक विधानसभा के दोनों सदनों से पारित हो चुका है, लेकिन अब राज्यपाल ने इस पर और स्पष्टीकरण देने की मांग करते हुए विधेयक को लौटा दिया है। कर्नाटक में 34 हजार से ज्यादा मंदिर सरकार के अधीन हैं। इन मंदिरों को सरकार ने सालाना कमाई के आधार पर तीन कैटेगरी में बांटा हुआ है। सरकार ज्यादा आमदनी वाले मंदिरों से पैसा लेकर आर्थिक रूप से कमजोर मंदिरों और उनके पुजारियों की भलाई में खर्च करती है। राज्य सरकार का तर्क है कि वह मंदिरों से होने वाली कमाई को बढ़ाना चाहती है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर मंदिरों और उनके पुजारियों की पर्याप्त मदद हो सके। भाजपा का विरोध है कि सरकार सिर्फ हिंदू मंदिरों पर ही टैक्स क्यों लगा रही है, साथ ही भाजपा और संतों की मांग है कि सरकार पुजारियों को बजट से पैसा क्यों नहीं दे सकती?

प्रॉपर्टी के लिए दोस्त ने की दोस्त की हत्या

रंजीत हत्याकांड का उतरांव पुलिस व एसओजी टीम ने 48 घण्टे में किया खुलासा, मत्थे पर गोली मारकर हुई थी रंजीत कुशवाहा की हत्या, सीन क्रिएट के लिए मौके पर खाली शराब की बोतल व अन्य चीजे फेकी

अखंड भारत संदेश

उतरांव। रंजीत कुशवाहा हत्या कांड का उतराव पुलिस व एस ओ जी टीम ने 48 घंटे बाद खुलासा किया है।प्रापर्टी के लिए दोस्त ने ही दोस्त की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ कर न्यायालय के लिए चालान भी कर दिया।एक कथित अभियुक्त का पुलिस तलाश कर रही है। ज्ञात हो की 19 मार्च को सुबह मोतिहा गांव निवासी रंजीत कुशवाहा जो एक समाचार पत्र का पत्रकार था। जिसकी लाश उसके घर से 300 मीटर दूरी पर मोतिहा बरौना बॉर्डर पर मिला था। जिसका उतराव पुलिस व एसओजी टीम ने 48 घंटे बाद हत्या का खुलासा किया है। पुलिस ने अभियुक्त शिव दर्शन उर्फ नन्हे से कड़ाई से पूछताछ में सारी घटना की जानकारी तोते की तरह रट दिया।पुलिस ने बताया कि कथित अभियुक्त व मृतक रंजीत कुशवाहा के बीच प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा था।जिसमें कथित अभियुक्त ने डगरहा का पुरा बरेठी निवासी शिव दर्शन उर्फ नन्हे पुत्र बेला सिंह को पूर्ण रूप से इस्तेमाल किया। वहीं कथित अभियुक्त ने शिव दर्शन सिंह को एक प्लांट का लालच देकर रंजीत कुशवाहा की गोली मारकर हत्या करा दी।पुलिस ने शिव दर्शन को बरौना चौराहे से गिरफ्तार किया।

रात में काम के बहाने घर से बुलाया और सुनसान जगह पर मार दी गोली : शिव दर्शन उर्फ नन्हे ने 18 मार्च को रात में रंजीत कुशवाहा को फोन करके बुलाया और मोतिहा बरौना के बॉर्डर पर ले जाकर तमंचे से माथे पर गोली मार दी। पुलिस ने बताया की गोली माथे से आर पार हो गई जिसमें रंजीत कुशवाहा की मौके पर मौत हो गई तथा तमंचा को घुटने के पास रखकर फरार हो गया।

घटनास्थल पर गिरा चश्मा ने खोला हत्या का राज : रंजीत कुशवाहा की हत्या पर पुलिस ने घटनास्थल से एक चश्मा बरामद किया था। जिसके जरिए पुलिस ने हत्या का राज खोल दिया।पुलिस ने बताया की चश्मा जो घटना स्थल पर मिला था वह शिव दर्शन उर्फ नन्हे का था।

कॉल रिकॉर्डिंग सीसीटीवी सी डी आर से भी पुलिस को मिली मदद : पुलिस ने बताया कि सर्विस लांस टीम ने सीडीआर तथा कॉल रिकॉर्डिंग सीसीटीवी फुटेज से भी हत्या के खुलासा करने में काफी सहयोग मिला। आरोपी इतना शातिर था कि मृतक का मोबाइल फॉर्मेट कर अपना आउटगोइंग काल डिलीट कर दिया था। पुलिस को टेक्निकल साक्ष्य का भी काफी सहयोग मिला।

कथित अभियुक्त ने दिया था शिव दर्शन को तमंचा : रंजीत की हत्या करने के लिए कथित अभियुक्त ने शिव दर्शन को तमंचा दिया था जो घटनास्थल से पुलिस ने बरामद किया था।

सीन क्रिएट करने के लिए रख दी थी शराब की खाली बोतल व अन्य चीज : घटनास्थल से पुलिस ने शराब की खाली बोतल दस्ती व अन्य चीज बरामद की थी। पुलिस ने बताया कि वह सीन क्रिएट करने के लिए यह सब किया था जिससे पुलिस को शंका न हो सके।

गिरफ्तारी टीम में मुख्य रूप से एसओजी गंगानगर हेमेंद्र प्रताप सिंह सेंगर, सिद्धार्थ शंकर राय, आनंद सिंह,बृजेश सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, रविंद्र यादव, पियूष पंकज चौहान, समीर प्रताप सिंह व सर्विस लांस के सुख चैन तिवारी, थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी, सिपाही अनीश, धनजी यादव, प्रियंका राजभर रही।

मांडा में गंगा किनारे मिला रायबरेली के युवक का शव मचा हड़कंप

अखण्ड भारत संदेश

सूचना पर पहुंचे परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

मांडा। थाना क्षेत्र के नरवर चौकठा गए गंगा घाट पर शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शव की शिनाख्त रवि शंकर प्रसाद पुत्र जगदीश शंकर निवासी पूरे टेकई (विनोहरा), थाना भदोखर, रायबरेली के रुप में की। वही सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। गौरतलब हो कि गुरुवार सुबह मांडा थाना क्षेत्र के नरवर चौकठा गंगा घाट पर रवि शंकर प्रसाद उम्र (22) पुत्र जगदीश शंकर निवासी पूरे टेकई (विनोहरा), थाना भदोखर, रायबरेली का शव पाया गया स्थानीय लोगों की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक मांडा शैलेन्द्र सिंह व चौकी प्रभारी दिघिया बाबू राम सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छान बीन मे जुट गई। वही युवक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए शहर भेजकर पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच पड़ताल में जुट गई है।

वानिकी महाविद्यालय-शुआट्स में विश्व वानिकी दिवस समारोह

नैनी। पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण को जारी रखते हुए, सैम हिंग्गिन बॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय का वानिकी महाविद्यालय, लगातार पर्यावरण संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित कर रहा है। वानिकी महाविद्यालय, शुआट्स ने वनों के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 21 मार्च, 2024 को ह्यह्यअंतर्राष्ट्रीय वन दिवस (आईडीएफ) समारोह का आयोजन किया। सभी प्रकार के वनों के महत्व के बारे में जन जागरूकता पैदा करने के लिए यह कार्यक्रम ह्यह्यवन और नवाचारः बेहतर दुनिया के लिए नए समाधानह्यह्य विषय पर आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. एंटनी जोसेफ राज, डीन, वानिकी महाविद्यालय, शुआट्स ने प्रकाशित किया कि विश्व में कुल वन क्षेत्र 4.06 बिलियन हेक्टेयर है, जो कुल भूमि क्षेत्र का 31 प्रतिशत है। प्रो0 एंटनी ने कहा कि वनों की कटाई के कारण प्रति वर्ष 10 मिलियन हेक्टेयर वन नष्ट हो जाते हैं और लगभग 70 मिलियन हेक्टेयर वन आग से प्रभावित होते हैं, इसलिए मूल्यवान वन संसाधनों की सुरक्षा के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के लिए तकनीकी प्रगति और नवाचार आवश्यक हैं। प्रो0 एंटनी ने कहा कि सदी के अंत तक जलवायु परिवर्तन वन और जैव विविधता के नुकसान और प्रजातियों के विलुप्त होने का प्रमुख प्रत्यक्ष चालक बनने की संभावना है। प्रो0 एंटनी ने कहा कि वनों में जलवायु परिवर्तन को कम करने की काफी संभावनाएं हैं क्योंकि विश्व के वन हर साल लगभग 2.6 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करते हैं जो जीवाश्म ईंधन जलने से निकलने वाले कार्बन डाइऑक्साइड का एक तिहाई है। प्रो0 एंटनी ने सभी छात्रों और संकाय सदस्यों से एकजुट होने और वनों के बारे में जागरूकता पैदा करने के प्रयास करने और देश के वन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण अभियान में शामिल होने का आग्रह किया। वानिकी महाविद्यालय के सह अधिष्ठाता डॉ0 अभिषेक जेम्स ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि, संकाय, प्रतिभागियों और छात्रों का स्वागत किया और वनों और पेड़ों के महत्व पर जोर दिया, जिससे उत्पादक लाभ और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएं प्रदान करने की अपनी क्षमता के लिए ध्यान आकर्षित किया है।

मांडा थानाध्यक्ष की टीम के साथ आबकारी विभाग ने मारा छापा, तीन कुंतल लहन किया नष्ट

अखण्ड भारत संदेश

कार्रवाई से क्षेत्र में मचा रहा हड़कंप

मांडा। यमुनापार क्षेत्र के मांडा थानांतर्गत जगह-जगह अवैध शराब के गोरखधंधा करने वाले स्थानों पर छापा मारा और मौके पर लहन पाए जाने पर नष्ट किया। गौरतलब हो कि आगामी होली के त्योहार व लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मांडा थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, एसआई रमेश कुमार व बाबू रामपुलिस टीम के साथ आबकारी इन्स्पेक्टर कोरांव आयुष व मेजा से प्रवीण कुमार यादव ने मौके पर पहुंचकर मांडा क्षेत्र के कूदर व दिघिया गांव में अवैध रूप से निर्मित की जा रही कच्ची शराब के तीन कुंतल लहन नष्ट किया। वहीं अवैध रूप से गोरखधंधा करने वाले अभियुक्त मौके से फरार हो गए। पुलिसिया कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

न्यूज झरोखा

क्षेत्र में अशांति का प्रयास किया तो खैर नहीं : एसएचओ योगेश सिंह

प्रतापपुर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना सरायममरेज क्षेत्र में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने मिलकर फ्लैग मार्च निकाला। एसएचओ सरायममरेज योगेश सिंह के नेतृत्व में छतौना, मुहीद्दीपुर, मियांपुर में संयुक्त बल के साथ फ्लैग मार्च करते हुए एसएचओ योगेश सिंह ने असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं।साथ ही आम जनमानस को यह विश्वास दिलाया कि निडर होकर मतदान करें। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। गुरुवार को पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने फ्लैग मार्च किया एवं होली रमजान को शांति पूर्वक मनाने की अपील किया।

होली मिलन समारोह एवं बिरहा मुकाबला कल बंदीपट्टी में

जंघई। भोलानाथ यादव एवं संयोजक समिति द्वारा होली मिलन समारोह एवं बिरहा मुकाबला शनिवार को रामलखन मिश्र हास्पिटल के सामने चतुरपट्टी, बंदीपट्टी चौराहे पर रात्रि 8 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ विश्राम यादव अवर आयुक्त मिजार्पुर, विशिष्ट अतिथियों में प्रेम नारायण प्रजापति एसडीएम हंडिया, आशुतोष यादव सहायक पुलिस कमिश्नर, धीरज तिवारी जेई, अरुण मिश्रा प्रबंधक रामलखन मिश्र हास्पिटल होंगे। बिरहा गायकों में पंचदेव पांडेय गाजीपुर, नूरजहां बेगम महाराजगंज होंगी।

बड़ी मुस्तैदी से पुलिस ने दो चोरो को किया गिरफ्तार

लालापुर। थाना क्षेत्र के कन्हैया उर्फ सपलू पुत्र बली पासी 19 वर्ष व सूबेदार पुत्र छबिलाल 20वर्ष दोनों लौंदकला गाँव के ही रहने वाले हैं। गाँव के ही रहने वाले किसान हरकेश सिंह जो की घर पर ही रह कर खेती किसानी का काम करते हैं। उनके घर के बाहर कुए में पम्पी सेट टुल्लू लगा था।जिसको मंगलवार की रात उनके कुएं से पम्पी सेट टुल्लू गायब हो गया. तो सुबह अफरा तफरी मच गई क्योंकि आज कल क्षेत्र में चोरी को लेकर लोग पहले से ही सदमे में हैं।और हरकेश सिंह ने बुधवार की सुबह लालपुर थाने में लिखित तारीख देते हुए सूचना दी। जिस पर लालपुर पुलिस ने तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए.मामले की जांच शुरू कर दी।अपने मुखबिर खास की मदद से आरोपियों को शाम को तकरीबन 8:बजे मदनपुर नहर पुलिया के पास से आरोपियों को चोरी का सामान सहित गिरफ्तार करने में कामयाब हुए गिरफ्तार करने वाली टीम दरोगा अमित यादव.हेड कांस्टेबल राम मनोहर. व संतोष मौर्य. शिवकुमार रहें।

करछना पुलिस को मिली सफलता डीजे चोर को किया गिरफ्तार

करछना। में पंजीकृत मु0अ0सं0-81/2024 धारा 380 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त अभय दुबे पुत्र विनय कुमार उर्फ गोरे लाल निवासी ग्राम बरदहा थाना करछना जनपद प्रयागराज को आज दिनांक 21.03.2024 को थाना करछना पुलिस द्वारा जगौती मोड़ थाना क्षेत्र करछना से गिरफ्तार कर, कब्जे से चोरी का डी0जे0 म्यूजिक मिक्सर मशीन मॉडल-टवरकउळडठए उछवइ-8.2 बरामद किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी । गिरफ्तार अभियुक्त अभय दुबे पुत्र विनय कुमार उर्फ गोरे लाल निवासी ग्राम बरदहा थाना करछना जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 30 वर्ष है।

छात्रों ने रैली निकाल कर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत किया जागरुक

करछना। श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को मतदाता जागरूकता को लेकर रैली निकाली।इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे।जिसमें पहले मतदान फिर जलपान,चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी,वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है,जैसे स्लोगन लिखा था।जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज पीएन सिंह के निर्देश के क्रम में 21 मार्च को यमुनापार के विद्यालयों में रैली का आयोजन होना था,जिसके क्रम में स्वीप प्रभारी करछना क्षितिज तिवारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है।भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए।देश के हर नागरिक जिनका उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गया हो वे सभी आगामी चुनाव में अपना मतदान जरूर करें।मतदाता जागरूकता को लेकर हजारों की संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया,जिसमें सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

छात्रा ने फांसी लगा कर दी जान

फूलपुर। घर में किसी बात को लेकर नाराज छात्रा ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। काफी देर दिखाई न देने पर आशंकित परिजनों ने घर में ढूंढा तो घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटक रही थी। परिजनों के चिल्लाने पर आसपास के ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़ छात्रा का शव फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर भागे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। फूलपुर थाना क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत चक अब्दुल करीम उर्फ पूरेभुलई गांव निवासी रामनरेश भारतीया की पुत्री पायल 17 जो हाइस्कूल की छात्रा थी गुरुवार दोपहर परिजनों की किसी बात से नाराज होकर घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना के समय मृतक छात्रा के पिता रामनरेश इफको में कैजुअल में काम करने गए हुए थे। घटना से मां आशा देवी का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक छात्रा चार बहन व एक भाइयों में तीसरे नंबर की थी।

दो पक्षों के विवाद में आक्रोशित सैकड़ो लोगों ने थाने का किया घेराव

घूरपुर। घूरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा सेमरा में किसी बात को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में पासी समाज के सैकड़ो महिलाओं,पुरुषों ने थाने का घेराव कर वर्तमान प्रधान सहित अन्य अज्ञात लोगों पर गम्भीर आरोप लगाया। तथा सैकड़ो महिलाएं एवं पुरूष कार्यवाही करने की बात को लेकर घण्टो तक घूरपुर थाने पर डटे रहे। थाने पर पहुँचे पीड़ित आक्रोशित पासी समाज के लोगों ने दिए गए लिखित प्रार्थना पत्र एवं तहरीर में वर्तमान प्रधान राजरूप पटेल पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधान सहित 15-20 अज्ञात लोगों ने गांव से ही निकलने वाले मुख्य रास्ते पर स्थित पंचायत भवन के पास इकट्ठा होकर इस रास्ते से निकलने वाले पासी समाज के लोगों को रोक कर जाति-सूचक,भद्दी-भद्दी गालियां देना शुरू किया,विरोध करने उक्त लोगों ने दौड़ा कर,घर मे घुसकर पर लाठी,डंडो से पिटाई की एवं घर मे रखे सामानों को भी तितर-बितर कर दिया। इनका आरोप है कि प्रधान ने ललकारते हुए,जान से मारने की बात कही और लोगों को उकसाते हुए झगड़ा भड़काने का कार्य किया। झगड़े के दौरान देखते ही देखते मौके पर पीड़ित समाज की तरफ से सैकड़ो महिलाएं एवं पुरुष इकट्ठा हो गए। लोगों को इकट्ठा होते देख,हमलावर भाग खड़े हुए। प्रधान सहित अन्य अज्ञात लोगों की दबंगई से आक्रोशित होकर सैकड़ो महिलाएं और पुरूषों ने घूरपुर थाने पहुँचकर दबंगो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर न्याय की अपील की। पीड़ित पक्ष ने तहरीर देते हुए सख्त कानूनी कार्यवाही करने हेतु प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन घण्टो कार्यवाही न होते देख,लोगों ने आक्रोशित होकर थाने का घेराव किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए घूरपुर थाना प्रभारी ने दिए गए प्रार्थना पत्र पर मुकदमा पंजीकृत करके उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। घूरपुर थाने से मिली सूचना के अनुसार दोनों पक्षों की तरफ से दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार मुकदमा पंजीकृत किया गया।

बीआरसी मेजा में प्रबंध समिति के अध्यक्षों एवं सचिवों एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

मेजा। बीआरसी मेजा में विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष और सचिवों की एक दिवसीय कार्यशाला खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें शैक्षिक सत्र 2023 और 24 में समस्त परिषदीय विद्यालयों में विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों को उनके कर्तव्य एवं दायित्वों व सामुदायिक एवं अभिभावकों की सहभागिता पाजीटिव,पैरटिंग तथा समग्र शिक्षा द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी भूमिका को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में चार सन्दर्भ दाताओं ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली 2011 के अनुसार समिति में कुल 15 सदस्य होंगे जिनमें 11 सदस्य विद्यालय में प्रवेश प्राप्त बच्चों के माता-पिता या अभिभावक और चार नामित सदस्य होते हैं। समिति के कुल सदस्यों में से कम से कम 50 प्रतिशत महिलाओं का होना अनिवार्य है। अधिनियम के अन्तर्गत समुदाय एवं माता-पिता को यह अवसर प्राप्त है कि अपने बच्चों के लिए विद्यालय प्रबन्ध समिति में शामिल होकर विद्यालयों में समुदाय की सहभागिता एवं विद्यालयों के विकास में सहयोग प्रदान करें। शिक्षा के अधिकार अधिनियम में विद्यालय प्रबन्ध समिति के एवं स्थानीय प्राधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों का दायित्व है कि वह समय समय पर विद्यालय विद्यालय संचालन में सहयोग प्रदान करें। विद्यालयों में सामुदायिक सहभागिता का मतलब है कि विद्यालयों की योजना और प्रबंधन में माता-पिता और समुदाय के सदस्यों की भागीदारी बढ़े जिससे छात्रों की उपस्थिति नियमित हो और उनके सीखने की गति में बढ़ोत्तरी हो। निपुण भारत मिशन का मकसद शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होना है। विद्यालय और समुदाय के बीच गहरा संबंध स्थापित होता है इसी कारण विद्यालय की समस्त गतिविधियों में प्रबन्ध समिति को जोड़ा गया है। एस एम सी को स्कूलों के कामकाज की निगरानी करने के लिए सरकार द्वारा प्राप्त अनुदान का प्रभावी और सार्थक उपयोग सुनिश्चित करने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के कार्यान्वयन की निगरानी करने स्कूल में संचालित सभी योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने मध्यान भोजन समय से मीनू के अनुसार छात्रों को प्राप्त होने डी बी टी के माध्यम से अभिभावकों के खाते में प्रेषित धनराशि का बच्चों के लिए उपयोग होने जैसे सभी संचालित योजनाओं और दायित्वों पर जागरूकता लाने के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। कार्यशाला प्रशिक्षण में ब्लॉक के सभी प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रधानाध्यापक के अलावा संदर्भ दाता बी के मिश्र, यामवंत सिंह,मनीष यादव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

लकी ड्रा में इनाम निकलने की बात कहकर पचीस हजार साइबर अपराधियो ने हड़पा

मऊआइमा। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम पिलखुआं निवासनीय शान्ति देवी पत्नी राम आधार का कहना है कि उसके मोबाइल पर यह फोन आया कि फेसबुक द्वारा उसका लकी ड्रा में उसका एक लाख रुपए इनाम निकला है।इनाम मिलने की यह शर्त है कि पहले आप अपना आधार नम्बर,बैंक पासबुक को व्हाट्सएप्प कर दो। शान्ति देवी ने व्हाट्सएप्प पर भेज दिया। बताया गया है कि थोडी देर में साइबर अपराधियों ने उसके खाते से पचीस हजार रूपया हडप लिए। शान्ति देवी इसकी लिखित शिकायत बैंक में की बैंक द्वारा बताया गया है कि इसकी शिकायत साइबर अपराध सेल प्रयागराज में करें। जहां महिला ने गुरुवार को साइबर अपराधियों की करतूतें की शिकायत की है।

दिनेश आचार्य विश्व हिन्दू परिषद के धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख बने

जंघई। राचनपुर, बघेड़ी गांव निवासी आचार्य दिनेश महराज को विश्व हिंदू परिषद प्रखंड प्रतापपुर जिला गंगापार का धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख बनाया गया है। इसके पूर्व विहिप प्रखंड प्रतापपुर का धर्म रक्षा निधि कार्यक्रम राचनपुर बघेड़ी गांव में आचार्य दिनेश मिश्र महराज के निवास पर संपन्न हुआ।कार्यक्रम में काशी प्रांत सह मंत्री महेंद्र भाईसाहब ने कहा कि विहिप द्वारा देश भर में चल रहे सेवा कार्यों, सामाजिक समरसता, धर्म प्रसार कार्य, वेद विद्यालय, गौ रक्षा, एकल विद्यालय आदि के माध्यम से संगठन समग्र राष्ट्र में जागरण कर हिंदू धर्म संस्कृति की रक्षा, बाल संस्कार केंद्र के लिए कार्यरत है। इस अवसर पर आचार्य दिनेश मिश्र महराज सहित कई लोगों ने अपनी धर्म रक्षा निधि समर्पित किया। प्रखंड अध्यक्ष अशोक दुबे, राकेश दुबे दादे गुरु ने अंगवत्रम भेंट कर सभी का स्वागत किया। संचालन प्रखंड मंत्री किशन ने किया।कार्यक्रम में प्रयाग विभाग सांस्कृतिक प्रमुख सत्येन्द्रमणि, विभाग धर्म प्रचार प्रमुख राकेश पाठक , जिला मंत्री विनेक, जिला उपाध्यक्ष आशुतोष, पूर्व जिला धर्म प्रचार प्रमुख पंकज, जिला बलोपासना प्रमुख देवेंद्र, जिला संस्कार प्रमुख शांतनु , जंघई नगर अध्यक्ष विक्की जायसवाल, वरिष्ठ कार्यकर्ता कुंवर बृजेंद्र, बजरंग दल संयोजक बृजेश, विनय पांडेय वीएचपी, मुकेश, दिलीप, विनोद, अनुज आदि लोग उपस्थित रहे।

पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होली पर्व एवं आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

मिलावटी खाद्य्य पदार्थों के विरूद्ध निरंतर जांच की कार्यवाही सुनिश्चित करने के दिए निर्देश, विद्युत, साफ-सफाई, पेयजल की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। पुलिस आयुक्त रमित शर्मा एवं जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में होली पर्व एवं आगामी अन्य त्यौहारों को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत गुरूवार को जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित पीस कमेटी के पदाधिकारियों के द्वारा त्यौहारों को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के सम्बंध में अपने-अपने सुझाव दिए गए, जिसपर जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। बैठक में पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं एसीपी को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि कोई भी नई परंपरा की शुरूआत न होने पाये। परम्परागत ढंग से ही त्यौहारों को मनाया जाये। उन्होंने संवेदनशील स्थानों का विशेष रूप से भ्रमण किए जाने का निर्देश दिया है। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम, अपर नगर मजिस्ट्रेटो एवं सभी एसीपी को अपने-अपने क्षेत्रों में पड़ने वाले होलिका दहन स्थलों का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने नगर निगम एवं जिला पंचायतराज अधिकारी को साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने एवं बिजली विभाग के अधिकारियों को मार्गों पर लटकते हुए तारों को तत्काल ठीक कराये जाने के लिए कहा है, इसके साथ ही साथ विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था एवं जल निगम को पेयजल की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने अभिहित अधिकारी (फूड आफिसर) को निर्देशित किया है कि मिलावटी खाद्य पदार्थों पर विशेष निगरानी रखे, किसी भी दशा में मिलावटी खाद्य पदार्थ की बिक्री न होने पाये, मिलावटी खाद्य-पदार्थों की बिक्री करने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जाये। उन्होंने सीएमओ को सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आवश्यक दवाईयों एवं चिकित्सकों की उपस्थिति की व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही साथ उन्होंने एम्बुलेंस की भी समुचित व्यवस्था बनाये रखने के दिए है। जिलाधिकारी ने सभी से आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मिल-जुलकर शांतिपूर्वक त्योहारों को मनाये जाने की अपील की है। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त एन. कोलांची के साथ सभी डीसीपी, अपर जिलाधिकारी गणों के साथ अन्य वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगणों के अलावा पीस कमेटी के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

अरैल में विद्युत पोल हटाए बिना ही सड़क का निर्माण

नैनी। नैनी अरैल के शिवनगर मुरादपुर कई जगह पर बिना विद्युत पोल हटाए ही सड़क का निर्माण किया जा रहा है जबकि विद्युत विभाग को सड़क बनने से पहले ही तत्काल विद्युत पोल को अपने साइड में खड़ा करने का निर्देश सरकार के द्वारा है। संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा यह विद्युत विभाग के अधिकारियों के लापरवाही है जो सड़क बनने से पहले विद्युत पोल को सड़क से हटा देना चाहिए उसके बाद सड़क का निर्माण होना चाहिए इससे सरकार का फालतू का पैसा खर्च हो रहा है सड़क बनने के बाद अगर विद्युत विभाग खंभाको हटाया जाएगातो वहां सड़क जर्जर हो जाएगी कृपया जिला प्रशासन इसका ध्यान दें और विद्युत पोल को तत्काल हटाया जाए यह सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी के द्वारा किया जा रहा है।

होली पर खपाने के लिए बनाई जा रही थी जहरीली शराब दो पर केश

झूंसी। स्थानीय थाना क्षेत्र के भदकार कछार में बुधवार को पुलिस ने छापा मार कर भारी मात्रा में अवैध शराब व लहन नष्ट किया। बताया जाता है कि होली पर क्षेत्र में सप्लाई के लिए शराब तैयार की जा रही थी। मामले में पुलिस ने दो लोगो को वांछित भी किया है। झूंसी व सरायइनायत थाना क्षेत्र के गंगा कछार में बड़े पैमाने पर अवैध शराब का धंधा फल फूल रहा है। जिसपर आबकारी विभाग चुप्पी साधे है। बुधवार की शाम झूंसी थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह, चौकी इंचार्ज चमनगंज सन्तोष सिंह को मुखबिर द्वारा अवैध शराब बनाने की सूचना मिली। पुलिस ने भदकार कछार में छापा मारा तो शराब बना रहे लोग भाग निकले मौके से पुलिस ने 80 लीटर अवैध शराब व 4 कुंतल लहन बरामद कर नष्ट किया। पुलिस की माने तो यह शराब होली में सप्लाई के लिए तैयार की जा रही थी। मामले में पुलिस ने नीबी कला निवासी फूलचंद्र यादव व संजय निषाद को वांछित किया है।

देवी देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले पर केस

झूंसी। एक्स पर देवी देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का मामला प्रकाश में आया है। सरायइनायत पुलिस ने आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। चकिया हिनौता निवासी राहुल कुमार बिंद ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार को एक्स पर एक वीडियो के माध्यम से एक युवक हिन्दू देवता के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग वाला एक वीडियो अपलोड किया है। शिकायत पर पुलिस ने आईटी एक्ट सहित कई धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

समाज सेवियों का प्रतिनिधि मंडल नगर निगम नैनी के जोनल अधिकारी से मिला

नैनी की ध्वस्त सफाई व्यवस्था सहित समस्याओं से कराया अवगत

नैनी। नैनी अवंतिका विकास समिति एवं नैनी विकास परिषद का एक संयुक्त प्रतिनिधि मंडल नैनी की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं के समाधान हेतु वृहस्पतिवार को नगर निगम जोन 5 के जोनल अधिकारी अखिलेश त्रिपाठी से मिला। प्रतिनिधि मंडल द्वारा ध्वस्त सफाई व्यवस्था अस्तित्व विहीन नालियों आवागमन में कष्टदायी सड़कों एवं अंधेरी गलियों सड़कों, पार्को की दीन हीन दशा के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए सुझाव सहित शिकायती पत्र देकर त्वरित समाधान कराने की मांग किया। उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त प्रतिनिधि मंडल के संयोजक गजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जोनल अधिकारी ने लोगों के सुझाव व शिकायत पर त्वरित कार्रवाई हेतु आश्वासन के साथ शुक्रवार को पीडीए कॉलोनी में स्थलीय निरीक्षण करने का वादा किया हैं। प्रतिनिधि मंडल में डी के सिंह, आर एल डी दुबे, शिव शंकर पांडेय, आर के श्रीवास्तव एडवोकेट, सुनील श्रीवास्तव, अनिल द्विवेदी, अंजुम नाज, सुभाष चन्द्र, बच्चा विश्वकर्मा, नयन कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, सुन्दर लाल अग्रवाल, एम आर कुशवाहा, अखिलेश सिंह, विपिन सिंह, संजय सिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

बारा में लगेगा 1.4 मिलियन टन क्षमता का सीमेंट प्लांट

बारा/प्रयागराज। बारा 1.4 मिलियन टन उत्पादन क्षमता का सीमेंट प्लांट लगेगा बारा तहसील के बुंदावां गांव में प्लांट लगाने की योजना बनी है प्लांट के लिए निमार्ता कंपनी ने पर्यावरणीय स्वीकृत के लिए आवेदन किया है प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अब प्लांट के लिए चिन्हित गांव के लोगों से सुझाव मांगेगा यमुनानगर के पठारी इलाके में मेसर्स आरसीसीपीएम प्राइवेट लिमिटेड ने निवेदन किया है यह इकाई बिरला ग्रुप की बताई जा रही है प्लांट के निर्माण पर तीन अरब 30 करोड़ व्यय होने का अनुमान है पर्यावरणी स्वीकृत के बाद कंपनी प्लांट लगाने की आगे की प्रक्रिया शुरू करेगी प्लांट के चालू होने से क्षेत्र के सैकड़ो लोगों को रोजगार मिलेगा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि प्लांट को लेकर आठ व 9 अप्रैल को जनसुनवाई होगी इसमें बुलावा गांव के लोग अपने सुझाव देंगे लोगों का सुझाव प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्यालय भेजा जाएगा जनसुनवाई में भाग लेने के लिए बुंदावा गांव के लोगों को सूचना दी जा रही है।

यमुनापार के सभी माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों व छात्रों के द्वारा निकल गई मतदाता जागरूकता रैली

प्रयागराज। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को स्वीप प्रयागराज के सहायक नोडल अधिकारी पी एन सिंह के निर्देशन में यमुनापार के सभी माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों व छात्रों के द्वारा विशाल रैलियां निकाली गईं। इस रैली में सामान्य छात्र-छात्राएं व एनसीसी कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। छात्र-छात्राएं अपने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां व पोस्टर लिए थे।यमुनापार की यह रैलियां देखते ही बनती थीं। छात्र-छात्राएं आकर्षक नारे लगा रहे थे। 'पहले मतदान, फिर जलपान', 'लोकतंत्र को मजबूत करेंगे, हम सब मिलकर वोट करेंगे', ' शपथ ग्रहण हम करते हैं, वोट करेंगे..वोट करेंगे', हमारा वोटः देश के लिए' जैसे नारों से आकाश गूँज उठा। रैली जिन-जिन स्थानों से गुजरी लोग उसे देखकर छात्र-छात्राओं का उत्सवर्धन कर रहे थे। राजा कमलाकर इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने रैली के पूर्व शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की एक सभा की और मतदान के महत्व व लोकतंत्र पर अपने विचार रखे। उन्होंने नए वोटर्स को उत्प्रेरित करते हुए कहा कि 'यूथ ही भारत के भाग्य विधाता हैं, उन्हें बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लेना चाहिए और अन्य लोगों को भी उत्प्रेरित करना चाहिए'' यमुनापार की रैलियों का सफल संयोजन स्वीप के यमुनापार प्रभारी अधिकारी शेषनाथ सिंह ने किया। इन रैलियों में विधानसभावार प्रभारी स्वीप सदस्य क्षितिज तिवारी करछना, डॉ. प्रेम प्रकाश सिंह बारा, डॉ. साबिर अली कोरांव व दीपक कुमार मेजा ने सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया। इस सफल रैली के लिए सह-जिला विद्यालय निरीक्षक एल बी मौर्या, धर्मेंद्र सिंह, श्री बी.एस. यादव इत्यादि ने स्वीप टीम को बधाई दी है।

नगर निगम की मार्केट सहित कई मकान व दुकान पर चला पीडीए का बुलडोजर

अखंड भारत संदेश

झूंसी। सड़क चौड़ीकरण की जद में आई नगर निगम की दो मंजिला मार्केट सहित कई मकानों व दुकानों पर गुरुवार को पीडीए का बुलडोजर चला। पीडीए के आला अधिकारियों की मौजूदगी में हुई इस कार्यवाही से चौड़ीकरण की जद में आए लोगों में हड़कंप मचा रहा कुछ लोग पीडीए के बुलडोजर से बचने के लिए अपने मकान के बचे हुए हिस्से को स्वम तोड़ने लगे। महाकुंभ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं के सुगम यातायात के लिए पीडीए द्वारा पुरानी झूंसी से नई झूंसी जाने वाली सड़क को चौड़ा किया जा रहा है साथ में ही पानी निकासी के लिए सड़क के दोनों तरफ नाले का भी निर्माण कराया जा रहा है। पीडीए ने चौड़ीकरण की जद में आए मकान दुकान मालिकों को अवैध निर्माण हटाने के लिए नोटिस दिया था ज्यादातर लोगों ने चौड़ीकरण की जड़ में आए अपने निर्माण को तोड़कर हटा दिया कुछ लोग अवैध निर्माण हटाने में हीलाहवाली कर रहेथे जिससे सड़क का काम पिछड़ रहा था। गुरुवार को पीडीए के जोनल आलोक गुप्ता के नेतृत्व में तोडू दस्ता जेसीबी के साथ पहुचा और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सहित कई लोगों के मकान व दुकान पर कार्यवाही की इस दौरान चौड़ीकरण की चपेट में आई नगर निगम की मार्केट के कुछ कमरों पर भी बुलडोजर चलाया गया।

2013 में नगर पंचायत द्वारा बनवाई गई थी 72 कमरों की मार्केट

झूंसी। खाली पड़ी नगर निगम की जिस दो मंजिला मार्केट पर गुरुवार को पीडीए का बुलडोजर चला वह 2013 में नगर पंचायत झूंसी द्वारा ठेला व खुमचा लगाने वाले लोगों के लिए बनवाई गई थी। जिसका एलाटमेंट नही हो पाया था। स्थानीय पार्षद सुमित निषाद ने बताया कि सीमा विस्तार के बाद नगर पंचायत द्वारा बनाई गई 72 कमरों की मार्केट सुलभ शौचालय अब नगर निगम के अधीन हो गई है। वर्षो से बनी मार्केट के एलाटमेंट के लिए महापौर गणेश केशरवानी को पत्र दिया गया था। मरम्मत के बाद मार्केट का एलाटमेंट होना था। इससे पहले सुलभ शौचालय व मार्केट के कुछ कमरे सड़क चौड़ीकरण की जद में आ गए जिन पर गुरुवार को पीडीए का बुलडोजर चला।

डीजल पेट्रोल में पानी मिलाने पर पेट्रोल पंप पर हंगामा

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। नगर के सुभाष चौराहे पर स्थित पेट्रोल पंप पर बृहस्पतिवार को जमकर हंगामा हुआ। ग्राहकों ने पेट्रोल और डीजल में पानी मिलाकर बेचने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया जानकारी मिलते ही आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। अधिकारियों ने भीड़ के सामने पैमाने में डीजल भरा तो एक लीटर डीजल में करीब 200 ग्राम पानी पाया गया पेट्रोल पंप के संचालक का कहना था कि इंडियन आयल ही पानी मिलाकर आपूर्ति कर रहा है अधिवक्ता संदीप मिश्रा ने बताया कि कल रात वह अपनी कार में इसी टंकी से डीजल भरवाकर प्रतापगढ़ गए थे। प्रतापगढ़ पहुंचकर उनकी गाड़ी बंद हो गई और फिर स्टार्ट नहीं हुई। जिस पर उन्हें तेल में मिलावट का शक हुआ। बृहस्पतिवार को वह कई गाड़ियों में इसी टंकी से तेल भरवाया और सुभाष चौराहे पर ही चक्कर लगा रहे थे कि गाड़ी बंद हो गई। मिस्त्री बुलाकर जब चेक कराया तो पता चला कि टंकी में पानी होने के कारण गाड़ी बंद हो गई। सिविल लाइन चौराहे पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप से डीजल में पानी के मिलावटी का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति अपने दो आर्टिगा कार में डीजल भरवा कर थोड़ी दूर गया। उसके बाद दोनों ही कारें बंद हो गई। मिस्त्री बुलवाकर टंकी खुलवाया तो उसमें से पानी निकला भुगतभोगी व्यक्ति पेट्रोल सील करने की मांग को लेकर पंप पर ही धरना देकर बैठ गया है प्रयागराज निवासी संदीप मिश्रा एडवोकेट ने बताया कि सिविल लाइंस इंडियल ऑयल पेट्रोल पंप से वह हमेशा तेल भराता था। दो दिन पहले भी वह यहीं से डीजल डलवाकर प्रतापगढ़ गया था। वहां पर मेरी कार बंद हो गई। इस मामले में वह सिविल लाइंस चौकी इंचार्ज से शिकायत किया था, लेकिन उन्होंने कोई संज्ञान नहीं लिया बृहस्पतिवार मैं जब फिर अपनी दो आर्टिगा गाड़ी में इस पेट्रोल पंप से डीजल डलवाकर कर आगे गया तो कुछ दूर जाने के बाद मेरी दोनों गाडियां बंद हो गईं। मैंने मिस्त्री बुलवाकर टंकी को खुलवाया तो उसने बताया इसमें तो पानी मिला है। उसके बाद मैं टंकी मालिक को फोन किया तो उन्होंने इस बात को स्वीकार किया, लेकिन उन्होंने ने कहा कि यह पानी मैं नहीं डीजल टैंकर वाले पहले से ही मिलाकर देते हैं। संदीप पेशे से अधिवक्ता हैं। वह मौके पर दर्जनों लोगों को लेकर पेट्रोल पंप सील करवाने के लिए पंप पर ही बैठकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

काव्य चकल्लस का आयोजन 27 को

प्रयागराज। प्राचीन श्री दधिकान्दो मेला कमेटी त्रिवेणी मार्ग कीडगंज काव्य चकल्लस आयोजन समिति की बैठक कीडगंज कार्यालय में आयोजित की गई। इस अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक मनीष केसरवानी ने बताया कि महापौर गणेश केसरवानी के नेतृत्व में होली के अवसर पर परंपरागत चलने वाली काव्य चकल्लस का आयोजन आदर्श चुनाव आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए 27 मार्च को शाम 7:00 से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवि डॉ सुमित्रा सरल, डॉक्टर कमलेश शर्मा, राम भदावर इटावा, श्रृंगार रस के कवि डॉक्टर शैलेंद्र माधुरी,डॉ आभा मधुर श्रीवास्तव, अखिलेश द्विवेदी अमित जौनपुरी, और योगेश झमाझम अपनी साहित्यिक रचना से शराबोर करेंगे।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रीता देवी उम्र लगभग 60 वर्ष पत्नी स्व छेदीलाल निवासिनी बभनकांटी मजरा भटवारिया परगना थाना करारी तहसील मंझनपुर जनपद कौशांबी की रहने वाली हूं प्रार्थिनी रीता देवी के चार पुत्र राजेंद्र सिंह मानसिंह कुंजन सिंह और मदन सिंह है रीता देवी अपने तीन पुत्रों राजेंद्र सिंह मानसिंह कुंजन सिंह के साथ रहकर गुजर बसर करती है तथा यह लोग सेवा खुशामद करते हैं रीता का कहना है कि उनका लड़का मदन सिंह एक आवारा किस्म का है जो आए दिन असामाजिक क्रियाकलापों जैसे ठगी करना धोखाधड़ी करना कर्ज लेना इत्यादि असामाजिक कार्य में रहता है और विगत पांच वर्षों से मदन सिंह को माँ रीता देवी तथा परिवार वालों ने घर से बाहर कर दिया है जिसका घर पर आना-जाना नहीं होता मदन सिंह के गलत कार्यों के लिए परिवार वालों को परेशान किया जाता है जिससे आजिज आकर रीता देवी ने अपने पुत्र मदन सिंह से समस्त सामाजिक रिश्ते तोड़ दिए हैं और अपनी चल वा अचल संपत्ति से मदन सिंह को बेदखल कर दिया है मदन सिंह द्वारा किए गए कृत्यों के लिए वह स्वयं उत्तरदाई होगा उसके कृत्यों से रीता देवी और उसके परिवार वालों से कोई वास्ता प्रयोजन नहीं है मदन सिंह पुत्र छेदीलाल सिंह को बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद किया जाता है ।

रीता देवी उम्र लगभग 60 वर्ष पत्नी छेदीलाल निवासिनी बभनकांटी माजरा भटवारिया परगना थाना करारी तहसील मंझनपुर जनपद कौशांबी।

लेखपाल की हत्या में दो को उम्रकैद, 20-20 हजार का जुर्माना भी लगाया

प्रयागराज। इलाहाबाद जिला अदालत ने सोरांव तहसील के लेखपाल विजय प्रताप सिंह की हत्या में राधेश्याम पटेल, गिरीश चंद्र पटेल को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 20-20 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। यह फैसला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ.लक्ष्मीकांत राठौर की अदालत ने अभियोजन की ओर से एडीजीसी अखिलेश सिंह बिसेन, ताराचंद्र गुप्ता और अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता एलपी द्विवेदी को सुन कर दिया। मामला सोरांव थाना क्षेत्र में मालाक हरहर का है। लेखपाल के भाई भानु प्रताप सिंह ने एक अप्रैल 2011 को सिंहापुर नवाबगंज निवासी राधेश्याम पटेल, गिरीश चंद्र पटेल, पुरुषोत्तम पटेल के खिलाफ सोरांव थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी। आरोप था कि तहसील से शिवकुटी स्थित घर लौटते वक्त रास्ते में तीनों ने उनकी गाड़ी ओवरटेक कर रोक ली थी। रंजिश में राधेश्याम पटेल ने तमंचे से गोली मार दी। राहगीरों की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर तीनों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। विचारण के दौरान पुरुषोत्तम की मौत हो गई, जबकि राधेश्याम और गिरीश के खिलाफ 13 साल मुकदमा चला। विचारण के दौरान अभियोजन और बचाव पक्ष की ओर से आठ-आठ गवाह पेश किए गए। बुधवार को ट्रायल कोर्ट ने राधे श्याम, गिरीश की हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और बीस-बीस हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुना दी।

कुंभ मेला-2025 के दृष्टिगत प्रयागराज मंडल के साथ सिविल प्रशासन की हुई समन्वय बैठक

प्रयागराज। गुरूवार को मंडल रेल प्रबंधक, हिमांशु बडोनी की अध्यक्षता में प्रयागराज मंडल कार्यालय के संकल्प सभागार में कुंभ मेला-2025 के दृष्टिगत प्रयागराज मंडल के साथ सिविल प्रशासन की समन्वय बैठक समपन्न । इस अवसर पर मंडलायुक्त/प्रयागराज, श्री विजय विश्वास पंत; कुम्भ मेला अधिकारी श्री विजय किरण आनंद, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन, प्रयागराज मंडल, लखनऊ मण्डल एवं वाराणसी मण्डल के रेल अधिकारियों की टीम उपस्थित रहीं आज इस बैठक के दौरान कुंभ मेला-2025 को सफलता पूर्वक सम्पन्न करने के लिए गहन मंथन किया गया। इस दौरान मेला प्रशासन द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कुंभ मेला के दौरान भीड़ प्रबंधन की विस्तृत जानकारी रेलवे एवं जिला प्रशासन के साथ साझा की गयी। इस अवसर पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज रामबाग, प्रयाग जंक्शन, प्रयागराज संगम, प्रयागराज छिवकी झूंसी, नैनी, फाफामऊ और सूबेदारगंज, स्टेशनों से श्रद्धालुओं की भीड़ के आवागमन को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए विचार विमर्श किया गया और सुझावों के अनुसार अगली बैठक में संशोधित प्लान देने के लिए संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गए। इस दौरान सभी यात्रियों को माघ मेला क्षेत्र एवं स्टेशन क्षेत्र में पैम्फलेट, ऑडियो-वीडियो, बैनर, लोक उद्घोषणा प्रणाली के सघन प्रयोग से रेलवे एवं जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सूचना साझा की जाएगी। प्रयागराज जंक्शन पर निकास पूर्व की भांति केवल सिविल लाइन साइड से होगा। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने कहा की स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों को देखते हुए सभी स्टेशनों का संयुक्त टीम द्वारा एक दौरा कर लिया जाए और मूवमेंट प्लान में किसी भी बाधा को पहले से चिन्हित कर उसे दूर कर लिया जाए। बैठक के दौरान कुंभ मेला अधिकारी महोदय ने त्वरित संचार हेतु एस ओ पी के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिये। शहर के सभी प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण के कार्य की प्रगति समीक्षा के दौरान उनकी क्षमता और कार्य को समय से पूर्ण करने के लिए समस्याओं पर गहन विचार विमर्श के बाद प्रत्येक कार्य को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए समन्वय टीमें बनायी गयीं जो मौके पर पहुँचकर कार्य को पूर्ण करने के लिए विभिन्न विभागों से समन्वय करेंगी। बैठक में तेज गति से यातायात को संचालित करने के लिए शहर के अंदर और शहर के आस-पास के रोड ओवर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिजों की कार्य प्रगति समीक्षा के दौरान जमीन का अधिग्रहण, संपर्कमार्ग, विद्युत केबिलों का स्थानांतरण, रेलवे स्टेशनों और रेलवे लाइन के किनारे बाउंड्रीवाल, सकुर्लेटिंग एरिया का विकास, शौचालयों की स्थायी और अस्थायी व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था, संपर्क मार्गों का विकास सहित प्रत्येक विषय पर लंबी चर्चा की गई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य)/ प्रयागराज, श्री संजय सिंह; अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन)/लखनऊ, शिवेंद्र शुक्ला; वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/रेलवे, प्रयागराज, ए.पी. सिंह ; वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त/रेलवे, प्रयागराज, वी.पी. पंडित; वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-क्क्क प्रयागराज, इंद्रा कुमार; एसडीएम मेला, विवेक कुमार शुक्ला; एडीएम सिटी, मदन कुमार; एडीएम मेला, विवेक चतुर्वेदी; एडीएम मेला, दयानंद प्रसाद, एवं प्रयागराज मण्डल, पूर्वोत्तर रेलवे एवं उत्तर रेलवे के अधिकारीगण, मेला प्रशासन एवं जिला तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

दिनदहाड़ बदमाशों ने फर्नीचर व्यवसायी की गोली मारकर की हत्या

बच्चों को स्कूल छोड़ने गया था व्यवसायी, घर में मचा कोहराम, पुलिस हत्यारोपियों की तलाश में जुटी

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी कस्बे के रायपुर रोड स्थित फर्नीचर व्यवसायी नईम को अज्ञात बदमाशो ने दिनदहाड़े गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी। हत्या के बाद बदमाश फरार हो गए। जानकारी होने के बाद स्थानीय लोगों की मदद से गोली लगने से घायल व्यापारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

घटना से इलाके में जमकर आक्रोश है तो वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया जा रहा है की व्यवसाई नईम बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहा था जैसे ही पट्टी बाईपास मोड़ पर पहुंचा था तभी बाइक सवार बदमाशो ने वारदात को अंजाम दिया। घटना सुबह 9.30 बजे की बताई जा रही है। सूचना पर पट्टी कोतवाल आलोक कुमार मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचकर मामले की जांच में जुटे है। वहीं घटना से आक्रोशित व्यापारियों ने बाजार की दुकानों को बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। दुकानदारों कहना है जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक वह अपनी दुकान नहीं खोलेंगे। वहीं दिनदहाड़े हुई घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाके के तमाम व्यापारियों का जमावड़ा है। वहीं भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।

फर्नीचर व्यवसायी की मौत पर रोते-बिलखते परिजन।

छापेमारी कर पुलिस ने नष्ट कराया सत्तर लीटर शराब व तीन कुंतल लहन

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान दो अलग अलग जगहो पर सत्तर लीटर शराब व करीब तीन कुंतल लहन को बरामद कर नष्ट कराया। मामले मे पुलिस ने दो महिला आरोपियो को गिरफ्तार करने मे भी कामयाबी हासिल की है। कोतवाली के दरोगा दीपक यादव ने गुरूवार सुबह पुलिस बल के साथ रमनी का पुरवा मेढ़ावां छापेमारी किया। इस दौरान कुल पचास लीटर अवैध शराब तथा करीब तीन कुंतल लहन की बरामदगी की गयी। पुलिस ने इसे नष्ट कराया। मामले मे गांव की कुसुम पत्नी मंजीत भारती तथा अर्चना पत्नी किशन भारती को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वहीं दरोगा कबीरदास ने देवीगढ़ मजरे कौड़ियाडीह मे छापेमारी करके राधेश्याम उर्फ हुलई पुत्र जीतलाल के घर से बीस लीटर अवैध शराब की बरामदगी की है। शराब कारोबारियो के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

मिलावटी व नकली औषधियों का न करें सेवनः यूनानी अधिकारी

नकली औषधियों के विक्रय करने पर होगी कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 जयराम यादव ने बताया है कि 21 मिलावटी औषधियॉ क्रमशः विश्वास गुड हेल्थ कैप्सुल आयुर्वेदा (मेन्युफैक्चर डा0 विश्वास आयुर्वेदा इण्टरनेशनल प्रा0लि0), पेनानिल चूर्ण (मेन्युफैक्चर गोपाल हर्बल्स), एज-फिट चूर्ण (मेन्युफैक्चर गोपाल हर्बल्स), अमृत आयुर्वेदिक चूर्ण (मेन्युफैक्चर गोपाल हर्बल्स), स्लीमेक्स चूर्ण (मेन्युफैक्चर गोपाल हर्बल्स), दर्द मुक्ति चूर्ण (मेन्युफैक्चर जे0डी0 स्वामी आयुर्वेदा), आर्थोनिल चूर्ण (मेन्युफैक्चर बालाजी हर्बल्स), योगी केयर (मेन्युफैक्चर योगी केयर हर्बल), माइकान गोल्ड कैप्सूल (मेन्युफैक्चर जमना हर्बल रिसर्च लि0), डाइबियन्ट शुगर केयल टैबलेट (मेन्युफैक्चर एम्बिक आयुर्वेद इण्डिया प्रा0लि0), हाईपावर मूसली कैप्सूल (मेन्युफैक्चर रिनोविजन एक्सपोर्ट प्रा0लि0), डाइबियोग् केयर (मेन्युफैक्चर रिषी अमृत आयुर्वेद फार्मेसी), झंडु लालिमा ब्लड एण्ड स्किन प्यूरिफायर (मेन्युफैक्चर इमामी लिमिटेड), हेल्थ गुड सीरप (मेन्युफैक्चर हाइटो हर्बल्स प्रा0लि0), हेपलिव डीएस सीरप (मेन्युफैक्चर अफलाटस फार्मास्युटिकल्स प्रा0लि0), सिस्टोन सीरप (मेन्युफैक्चर हिमालया वेलनेस कम्पनी), बायना प्लस आयल (मेन्युफैक्चर अक्षय आयुर्वेद भवन), वातारिन ऑयल (मेन्युफैक्चर यूनाइटेड फार्मास्युटिकल्स), लिव-52 (मेन्युफैक्चर हिमालया वेलनेस कम्पनी), न्यू रिविल (मेन्युफैक्चर एचसीआर फार्मूलेशनस प्रा0लि0), बोस्टा एम आर टैबलेट (मेन्युफैक्चर स्टारमड फार्मूलेशनस) तथा 10 नकली औषधियां क्रमशः ज्वाला दाद (मेन्युफैक्चर ज्वाला आयुर्वेद भवन), रूमो प्रवाही (मेन्युफैक्चर श्री धन्वंतरी हर्बल्स), सुन्दरी कल्प सीरप (मेन्युफैक्चर हरीसन फार्मा), त्रयोदशांग गुग्गुल (मेन्युफैक्चर दिव्य फार्मेसी), वेदान्तक वटी (मेन्युफैक्चर गगन फार्मास्यूटिकल्स), एसीन्यूट्रा लिक्विड (मेन्युफैक्चर यू0ए0पी0 फार्मा प्रा0लि0), आंवला चूर्ण (मेन्युफैक्चर फ्यूजन आयुर्वेदा), सुपर सोनिक कैप्सूल (मेन्युफैक्चर रिनोविजन एक्सपर्ट्स प्रा0लि0), बोस्टा 400 टैबलेट (मेन्युफैक्चर स्टारमड फार्मूलेशन) व बायना प्लस कैप्सूल (मेन्युफैक्चर अक्षय आयुर्वेद भवन) औषधियों को राजकीय विश्लेषक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा परीक्षोपरान्त अधोमानक पाया गया है। उन्होने बताया है कि अधोलिखित औषधियां अधोमानक है एवं इन औषधियों में स्टेरायड व अन्य नकली दवाओं की मात्रा पायी गयी है। इनकी विक्री तत्काल प्रभाव से प्रतिबन्धित है एवं इनका सेवन स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है। उन्होने जनपदवासियों से अपील किया है कि औषधियों का सेवन कदापि न करें एवं जनपद के समस्त आयुर्वेदिक औषधि विक्रेताओं से अपील की है कि औषधियों का विक्रय कदापि न करें, विक्रय करते हुये पाये जाने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।

सीनियर बार एसोसिएशन के चुनाव में बृजेश बहादुर अध्यक्ष व राजेश्वर प्रसाद बने महामंत्री

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। आज सीनियर बार एसोसिएशन का चुनाव जिला कचहरी में सम्पन्न हुआ जिसकी मतगणना में बृजेश बहादुर सिंह 131 मत पाकर सीनियर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गये। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी ज्ञानेन्द्र सिंह को 13 मतों से हराया। ज्ञानेन्द्र सिंह को 118 मत मिले थे। तीसरे नम्बर पर शिवराम मिश्रा थे जिन्हें 67 मत मिले। इसी प्रकार महामंत्री पद के लिये राजेश्वर प्रसाद सिंह 115 मत पाकर विजयी घोषित किये गये।

इन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी गुलाब सिंह को 37 मतों से हराया। गुलाब सिंह को 78 मत मिले जबकि लल्लन सिंह को 56, कमलेश बहादुर सिंह को 31 और ज्ञानेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव को 13 मत मिले। अध्यक्ष और महामंत्री के विजयी प्रत्याशी बृजेश बहादुर सिंह व राजेश्वर प्रसाद सिंह को अधिवक्ताओं ने फूल-मालाओं से लाद दिया और उनके समर्थकों में बड़ा उत्साह रहा।

अध्यक्ष व महामंत्री का फूल-मालाओं से स्वागत करते अधिवक्ता साथी।

अभिषेक यादव बने सपा लोहिया वाहिनी के विधान सभा अध्यक्ष, खुशी

लालगंज, प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी का विधानसभा अध्यक्ष रामपुर खास मनोनीत किये जाने पर कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने अभिषेक यादव विजय का माल्यार्पण कर उन्हें बधाई दी है। समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष रामधन यादव, जिला सचिव प्रकाशचंद्र उपाध्याय, राजू यादव, मानवेंद्र यादव, विजय यादव, पवन यादव, सचिन यादव, नकुल यादव, दिनेश वर्मा, कृष्ण विश्वकर्मा, मोहित रजक आदि ने अभिषेक यादव के मनोनयन पर खुशी जतायी है। वहीं मनोनीत अभिषेक यादव ने कहा कि वह कार्यकर्ताओं व समर्थको के साथ हर सुख दुख में उनके साथ खड़े मिलेंगे। समाजवादी पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचा कर पार्टी की मजबूती के लिए सदैव तत्पर रहूंगा।

जीवन की कार्यशाला में विकसित भारत के लिए लक्ष्य बनाएं युवा- प्रो. डॉ. मंजू सिंह

मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर छात्र छात्राओं ने निकाली रैली

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर स्थित बहुगुणा पीजी कालेज मे राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत गुरूवार को युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर एनएसएस स्वयंसेवको द्वारा नगर मे जागरूकता रैली भी निकाली गयी।

कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस की राज्य संपर्क अधिकारी प्रो. डॉ. मंजू सिंह व समन्वयक प्रो. डॉ. भास्कर शुक्ला एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। छात्रा कंचन वर्मा, अंजनी सरोज व राधा रानी ने मां सरस्वती की वंदना तथा कंचन वर्मा, सलोनी व रागिनी तथा अंजली ने स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। छात्रा मीनाक्षी कोरी का मतदाता जागरूकता गीत तथा अंजली सरोज के द्वारा बेटी के सशक्तीकरण से जुड़े गीत सुनकर अतिथि मंत्रमुग्ध हो उठे। युवा संवाद कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए राज्य संपर्क अधिकारी प्रो. डॉ. मंजू सिंह ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओ को अपने जीवन की कार्यशाला में एक मजबूत लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। उन्होने कहा कि एनएसएस जीवन मे चुनौतियो से लड़ते हुए आगे बढ़ने का युवाओ मे जज्बा पैदा करने का पवित्र मिशन है। डॉ. मंजू सिंह ने छात्राओ की हौसला आफजाई करते हुए कहा कि मिशन शक्ति का उददेश्य देश की सामाजिक एवं आर्थिक तथा प्रगतिशील व्यवस्था में महिलाओ को स्वयं मे सशक्त भूमिका के लिए मुकाम तय करना होगा। कार्यक्रम मे आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने अर्न्तराष्ट्रीय परिवेश मे भारत के विश्व पटल पर भावी नेतृत्व के संकल्पो पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मिश्र ने कहा कि छात्र एवं छात्राओ को अध्ययनशीलता के प्रति गाम्भीर चिंतन के साथ व्यक्तित्व विकास के लिए मूल्यवान योगदान के प्रति संकल्पबद्ध होने का आहवान किया। प्रारम्भ मे कार्यक्रमाधिकारी डॉ. फणीन्द्र नारायण मिश्र ने एनएसएस से जुडे महाविद्यालय की उपलब्धियो की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। संवाद कार्यक्रम के बाद प्रो. डॉ. मंजू सिंह द्वारा कॉलेज गेट से एनएसएस के विशेष मतदाता जागरूकता अभियान की रैली को भी हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इसके तहत एनएसएस से जुडे स्वयंसेवको को जागरूकता के स्लोगनो के साथ नगर मे लोगों को अधिकाधिक मतदान के प्रति प्रेरित करने में उत्साहित देखा गया। समारोह मे डॉ. आलोक द्विवेदी, डॉ. राजेन्द्र मिश्र, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, डॉ. संदीप मिश्र, प्रियंका, डॉ. वाचस्पति आदि रहे। आभार प्रदर्शन कार्यक्रमाधिकारी डॉ. सीमा त्रिपाठी ने किया।

संवाद कार्यक्रम मे राज्य समन्वयक प्रो. डॉ. मंजू सिंह को सम्मानित करते प्राचार्य।

यूपीएस कटरा गुलाब सिंह के तीन बच्चे अटल आवासीय विद्यालय में चयनित

प्रयागराज मंडल में टापर शिवांश गुप्ता ने अर्जित किया 83 अंक

अखंड भारत संदेश

कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़। अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश हेतु मंडल स्तरीय परीक्षा 25 फरवरी 2024 को संपन्न हुई। जिसका परिणाम घोषित होने पर यूपीएस कटरा गुलाब सिंह मान्धाता के शिवांश गुप्ता, आदित्य मौर्य तथा अंशिका पाल का चयन हुआ। शिवांश गुप्ता ने पूर्णांक 100 में से 83 अंक अर्जित किए।

प्रतापगढ़ के छात्र-छात्राओं की परीक्षा राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में हुई थी। जवाहर नवोदय विद्यालय के तर्ज पर अटल आवासीय विद्यालय आधुनिकतम तकनीक से युक्त बेलहट तहसील सोरांव जिला प्रयागराज में स्थापित किया गया है। अटल आवासीय विद्यालय में चयनित बच्चों को कक्षा 12 तक निरूशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी।

कक्षा 6 तथा कक्षा 9 में प्रवेश हेतु परीक्षा में अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए थे। प्रश्नों की संख्या 100 थी। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का निर्धारित था। प्रतापगढ़ में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु 15 बच्चे तथा कक्षा 9 में प्रवेश हेतु 22 बच्चों का चयन हुआ है। यूपीएस कटरा गुलाब सिंह के प्रधानाध्यापक मोहम्मद फरहीम, पितामह यादव, आशा मिश्रा, शिखा श्रीवास्तव, अखिलेश प्रताप सिंह, रोशन तथा नीतू वर्मा ने खुशी व्यक्त किया। बीएसए भूपेंद्र सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा प्रभाकर यादव खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता, रामकुमार सिंह जिला व्यायाम शिक्षक, मंजू सिंह जिला व्यायाम शिक्षिका, सुशील कुमार सिंह जिला स्काउट मास्टर, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बच्चों को बधाई दीं।

अटल आवासीय विद्यालय में चयनित तीनों बच्चे।

ऋति प्रकाश कौशल ने हासिल की गेट की परीक्षा

अखंड भारत संदेश

कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़। प्रथम प्रयास में देश की प्रतिष्ठित परीक्षा अभियांत्रिकी स्नातक अभिक्षमता (गेट) में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले मात्र 22 वर्षीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र ऋतिक प्रकाश कौशल को लगातार लोगों की शुभकामनाएं मिल रही हैं। गांव के प्राथमिक विद्यालय से विद्यारंभ करने वाले ऋतिक कौशल शिक्षकों के मार्गदर्शन में कठिन परिश्रम करके अब रसायन शास्त्र में शोध करेंगे। आईआईएससी बेंगलुरु द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा में रितिक की 2539 वीं रैंक है। इतना ही नहीं हाल ही में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के घोषित परिणाम के अनुसार रितिक ने रसायन शास्त्र से पीएचडी करने के लिए क्रेट की परीक्षा में भी सफलता हासिल करके अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। दोनों परीक्षाओं में रितिक की सफलता पर क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया। नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह में बर्तन का व्यवसाय करने वाले ऋतिक के पिता जयप्रकाश एवं माता मीनाक्षी कौशल बेटे की सफलता से गदगद हैं।

जिले के पांच मूल्यांकन केन्द्रों पर आधे से अधिक कापियों का हुआ मूल्यांकन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शहर के पांच इंटर कालेज में उत्तर प्रदेश हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है। ज्यादार मूल्याकंन केन्द्रों पर 50 प्रतिशत से अधिक उत्तर पुस्तिकाएं जांची जा चुकी हैं। राजकीय इंटर कालेज में 166081 उत्तर पुस्तिकाएं जांचने के लिये प्राप्त हुई थी। अब तक 79226 कापियां जांची जा चुकी हैं। 86855 कापियां अभी जांचने को बची हैं। केपी इंटर कालेज मूल्यांकन केन्द्र में 150230 कापियां जांचने के लिये आई थी जिसमें से 91170 कापियां जांची जा चुकी हैं। यहां 59060 उत्तर पुस्तिकाएं अभी जांची जानी बाकी है। राजकीय बालिका इंटर कालेज में 64167 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुई थी जिसमें से 36551 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है। केवल 27616 उत्तर पुस्तिकाएं बची हुई हैं। इसी प्रकार तिलक इंटर कालेज मूल्यांकन केन्द्र पर 104340 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिये आई थी। अब तक 57939 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है। 46401 उत्तर पुस्तिकाएं बची हुई हैं। इसी प्रकार पीबी इंटर कालेज मूल्यांकन केन्द्र में 78391 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिये आई थी। अब तक आज तक 45786 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है। 32905 उत्तर पुस्तिकाएं बची हुई हैं। इस तरह पांचों मूल्यांकन केन्द्र पर 563209 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुई थी जिसमें से 310372 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है। अभी 252837 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना बाकी है।

श्रीकृष्ण-सुदामा के मित्रता की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। रामपुर बावली अन्तर्गत शुकुलपुर मे चल रही श्रीमदभागवत कथा के समापन के दिन वृंदावन से पधारे कथाव्यास धनंजय दास जी महराज ने सुदामा चरित्र की कथा श्रद्धालुओं को विस्तार से सुनाई। कथा व्यास ने कृष्ण सुदामा की निश्छल मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने किस तरह से बिना किसी याचना के गरीब सुदामा का उद्धार किया। उन्होने कहा कि मनुष्य को अहंकारी नही होना चाहिए। अहंकार मनुष्य में ईर्ष्या को जन्म देता है जो मनुष्य को अंधकार की ओर ले जाता है। कथा के मुख्य आयोजक केसरी प्रसाद शुक्ल ने श्रद्धालुओं का स्वागत तथा प्रभावती देवी ने आभार जताया। कथा का संयोजन प्रवीण शुक्ल पिंटू, नितिन शुक्ल रिंकू तथा रजनीश शुक्ल ने किया। इस मौके पर रमाशंकर शुक्ल, रवीन्द्र नाथ तिवारी, श्यामशंकर शुक्ल, रवीन्द्र मिश्र, महन्थ द्विवेदी, राजू पाण्डेय, अनिल मिश्र आदि मौजूद रहे।

महेशगंज थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक

एक माह के अंदर ताबड़तोड़ चोरियो से ग्रामीणो मे आक्रोश

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। जिले के महेशगज थाना क्षेत्र मे चोरो के आतंक से ग्रामीणो मे आक्रोश ब्याप्त है चोर पुलिस के बीच एक महीने से चली आ रही तु डाल डाल मै पात पात का खेल रुकने का नाम नही ले रहा है तभी तो बीती रात को अज्ञात चोरों ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत ककरा बघवाइत में अज्ञात चोरों ने पूर्व कोटेदार देवशरण तिवारी के घर को अपना निशाना बनाया चोरों ने छत में लगे हुए आंगन की जाली को काटकर अंदर घुस गये और घर में रखा नगदी व सोने चांदी के जेवरात चुरा ले गए। रात में घटना की जानकारी होने पर गांव मे हड़कंप मच गया घटना की सूचना स्थानीय लोगो ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर जाँच मे जुट गयी। मालूम हो कि महेशगंज क्षेत्र के आसपास गांव में हो रही लगातार चोरी की घटना को रोक पाने स्थानीय पुलिस नाकाम नजर आ रही है महेशगंज पुलिस ने आज दर्जनों चोरी की घटना मे एक भी चोरी का खुलासा नही कर सकी। बढ़ती हुई चोरी की घटना से क्षेत्रवासी महेशगंज पुलिस की शिथिलता के कारण चोरो के शिकार हो रहे है। चोर आये दिन पुलिस को खुला चैलेंज दे रहे हैं।

मॉडल पब्लिक स्कूल के बच्चो ने दिखाई अपनी प्रतिभा

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। विकास खंड कालाकांकर के मॉडल प्राथमिक विद्यालय मुरस्सापुर में गुरुवार को बच्चों ने अपने कार्यनुभव प्रश्न पत्र का प्रस्तुती करण किया जिसमें बच्चों ने झालर, पंखा, पेनबाक्स, घर, झोला, बाल्टी,फ्लावर आदि सामग्री को अपने हाथो से चार्ट बनाकर प्रस्तुत किया जिसे देखकर स्कूल के शिक्षक व अन्य उपस्थिति लोगो ने बच्चो का उत्साह वर्धन किया और बच्चो के द्वारा तैयार की गई चार्ट की जमकर तारीफ किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक वकील अहमद ,प्रियांशु ओझा, मनीषा सिंह, शाहीन सुल्ताना, अनुराग जायसवाल बीओबी ब्रांच मैनेजर, रमेश सिंह एसआई, गुलाब सिंह एसआई आदि लोगो ने बच्चों की इस कला को देखकर उपहार भेंट किया।

कार्यनुभव प्रश्न पत्र के दौरान मौजूद प्रधानाध्यापक व अन्य।

अराजकतत्वों ने छात्रों व शिक्षक को दी गाली व धमकी

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के जनता इंटर कालेज आलापुर कालाकाकर मे स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार सिंह ने नवाबगज थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर को घटना की तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि थाना क्षेत्र के आलापुर निवासी एक युवक ने गुरुवार को अपने साथियों के साथ गृह विज्ञान परीक्षा के दौरान छात्रों व बच्चो व शिक्षकों को भद्दी भद्दी गालिया के साथ देख लेने की धमकी बिना कोई कारण के दे रहे थे। जिससे विद्यालय मे अशांति पैदा हो गई। स्कूल प्रशासन ने अराजकतत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने की मांग की है जिससे विद्यालय मे शान्ति ब्यवस्था बनी रहे।

आरोपी के खिलाफ अपहरण, मारपीट व धमकी का मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। किशोरी को बहलाफुसला कर अपहृत करने तथा उलाहना देने पर गालीगलौज व मारपीट तथा धमकी देने के आरोप मे पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अठारह मार्च को पाण्डेय का पुरवा बटौली निवासी मनीष सरोज उसकी नाबालिग बेटी को बहलाफुसलाकर अपहृत कर ले गया। जानकारी होने पर पीडिता उलाहना देने आरोपी के घर पहुंची तो परिवारीजनों ने गाली देते हुए उसे मारापीटा और कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

नर्सिंग होम की ना छूटे ड्यूटी इसलिए मरीज को देखने के समय में की जाती है मीटिंग

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मरीज को बेहतर इलाज देने का जिम्मा योगी सरकार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिया है लेकिन कौशांबी जिले की चिकित्सा व्यवस्था को पूरी तरह से चौपट करने में मुख्य चिकित्सा अधिकारी लगे हैं मरीज को इलाज करने के समय पर चिकित्सकों को मीटिंग में बुलाकर वह इलाज की पूरी व्यवस्था चौपट कर रहे हैं जिससे पूरे जिले के अस्पतालों में मरीजों को इलाज ठीक से नहीं मिल पाता है और मजबूरन मरीज झोलाछाप डॉक्टर से इलाज कराते हैं जहां धन भी लूटा जाता है और अनुभव न होने के चलते मरीजों का मर्ज बढ़ जाता है और मौत हो जाती है लेकिन कौशांबी जिले की चौपट व्यवस्था को सुधार करने का प्रयास मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नहीं किया जा रहा है बल्कि इलाज के समय में मीटिंग करके पूरी व्यवस्था को चौपट किया जा रहा है जो गंभीर विषय है गुरुवार को फिर सुबह 10:00 बजे से हेपेटाइटिस की मीटिंग में चिकित्सकों को सीएमओ ने बुला लिया जिससे जिला अस्पताल में सैकड़ो मरीजों का इलाज नहीं हो सका। जिम्मेदार के गलत आदेश के

सरकारी ड्यूटी पर उपस्थिति रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज करने के बाद चिकित्सक निजी नर्सिंग होम में पहुंच जाते हैं

चलते संयुक्त जिला चिकित्सालय कौशांबी में इलाज की व्यवस्था चौपट हो चुकी है निजी नर्सिंग होम को सरकारी चिकित्सक बढ़ावा दे रहे हैं करोड़ों रुपए महीने संयुक्त जिला चिकित्सालय में सरकार द्वारा खर्च किए जाने के बाद मरीजो को समुचित इलाज नहीं मिल रहा है गुरुवार के दिन दोपहर 11:30 बजे तक चेंबर नंबर 13 में दो डॉक्टरों में एक भी डाक्टर उपस्थित नहीं रहा फिजिशियन के दो कमरे में तीन डॉक्टरों के बैठने की व्यवस्था की गई लेकिन एक कमरे में एक डॉक्टर अशोक कुमार सिंह बैठे हैं दो डॉक्टरों के गायब रहने से मरीजों के भीड़ बढ़ गई है जिससे तमाम मरीज को इलाज नहीं मिल पा रहा है अनजन दास और सुरभि प्रकाश अपने चेंबर नंबर 13 से गायब रहे मरीज परेशान रहे अन्य मर्ज की जांच के लिए अन्य चेंबर में भी डॉक्टरों की उपस्थिति की स्थिति बेहद खराब रही जिससे मरीज अस्पताल परिसर में पीड़ा से कराहते रहे सरकारी ड्यूटी पर उपस्थिति रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज करने के बाद कई चिकित्सक निजी नर्सिंग होम में पहुंच जाते हैं और निजी अस्पताल में मरीजों का इलाज करना शुरू कर देते हैं। सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था चौपट करने का पूरा प्रयास मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया जा रहा है हेपेटाइटिस की मीटिंग की आयोजन के लिए 21 मार्च को 10:00 बजे से समय देकर संयुक्त जिला चिकित्सालय के इलाज की व्यवस्था मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने चौपट कर दिया है आखिर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को यह जानकारी नहीं है कि मरीज की पीड़ा का निदान महत्वपूर्ण है मीटिंग उसके पीछे है स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट करने वाले मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पद पर रहने का क्या औचित्य है।

जिधर ज्यादा जरूरत उधर लाइट नही मिलती

संयुक्त जिला चिकित्सालय में बिजली जाने के बाद जनरेटर से एक्सरे सीटी स्कैन जाच की मशीन बंद हो जाती हैं जिससे मरीजों की जांच नहीं हो पाती है इस क्षेत्र में मरीज के बैठने वाले स्थान पर पंखा नही चलते बिजली नही जलती जिससे गर्मी के चलते मरीज और परिजन परेशान हो जाते है खुले आसमान से हवा प्रकाश आने की ब्यवस्था नही की गई है यह पढ़े लिखे अधिकारी और इंजीनियर का हाल है अन्य क्षेत्र में जनरेटर से लाइट पहुच जाती है इस क्षेत्र में 12 बजे से एक बजे तक बिजली गायब रही डिजिटल एक्सरे सीटी स्कैन में लाइट नही होने से मरीज परेशान रहे दूर से आए मरीज के लौटने के बाद उन्हें कितनी पीड़ा होती है इस बात से सरकार और उनके नुमाइंदों को फर्क नही पड़ रहा है।

18 साल से सुधार करने का हो रहा झूठा ड्रामा

संयुक्त जिला चिकित्सालय में 18 साल से लगातार ब्यवस्था सुधारने के लिए समय समय पर शासन के प्रमुख सचिव से लेकर जिला अधिकारी ने अस्पताल का निरीक्षण कर बेहतर ब्यवस्था की पुष्टि की जो झूठ साबित हो रही है प्रतिदिन मरीज परेशान रहते है निरीक्षण के पूर्व जानकारी दे दी जाती है जिससे निरीक्षण करने से एक घण्टे को ब्यवस्था में सुधार कर दिया जाता है निरीक्षण के बाद फिर वही चौपट व्यवस्था का खामियाजा मरीज प्रतिदिन भुगतने के लिए मजबूर है आखिर चौपट व्यवस्था को सुधारने के लिए निरीक्षण किया जाना चाहिए या केवल शासन को झूठी रिपोर्ट दिए जाने के लिए निरीक्षण किया जाता है 18 वर्षों के बीच सैकड़ो रिपोर्ट शासन को भेजी गई है जिसमें संयुक्त जिला अस्पताल की व्यवस्था बेहतर बताई गई है लेकिन हकीकत में संयुक्त जिला अस्पताल की व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है आखिर कब स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक कौशांबी जिले की चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधार करने का प्रयास करेंगे या केवल मीटिंग और भाषण बयान बाजी तक बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था का ड्रामा किया जाता रहेगा

चाय में जहर देने का पत्नी पर आरोप

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिले के चरवा थाना क्षेत्र में एक युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, आरोप है की उसकी पत्नी ने चाय में उसे जहर मिला कर दे दिया है, युवक ने थाने में फोन के माध्यम से सूचना दी है,वही पत्नी ने बताया कि पारिवारिक विवाद चल रहा था,फर्जी फसाने के लिए जहर देने का आरोप लगाया जा रहा है। मंझनपुर थाना क्षेत्र के ओसा गांव की रहने वाली प्रज्ञा और करुणा दो सगी बहनों का विवाह चरवा थाना क्षेत्र के बिरौली गांव के दो सगे भाई अतुल और अशोक के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ 2022 में हुआ था। घरेलू और पारिवारिक कलह को लेकर आए दिन विवाद चल रहा था

पीड़ित जिला अस्पताल में भर्ती, पत्नी ने बताया साजिश

बृहस्पतिवार को प्रज्ञा के पति अतुल कुमार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया उसने आरोप लगाया कि दोनों बहनो ने मिलकर चाय में जहर दिया है। डॉक्टरों की टीम उपचार में जुट गई है।वही दूसरी तरफ दोनों बहनों का कहना है कि दहेज की लगातार मांग की जा रही है,आए दिन विवाद करते है,उन पर फर्जी तरीके से फसाने के लिए झूठा आरोप लगाया जा रहा है, मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस जांच में जुट गई है।

चुनाव आचार संहिता व्यापारियों के लिए बनी मुसीबत

कौशांबी। लोकसभा चुनाव के आचार संहिता लागू होने के बाद वाहनों की चेकिंग अभियान शुरू हो गई है और इस अभियान के दौरान व्यापारियों की मुसीबत बढ़ गई जो व्यापारी अपने व्यापार के सिलसिले में पूरे वर्ष लाखों रुपए की रकम लेकर के इधर से उधर आते जाते हैं उनके वाहनों को रोक करके चुनाव में लगे अधिकारी द्वारा जांच की जाती है और व्यापारियों को परेशान किया जाता है व्यापारी है तो व्यापार करेंगे रुपया का लेनदेन करेंगे उनके जेब से लेकर वाहनों तक रुपया होगा लेकिन व्यापारी के रुपए को भी चुनाव में लगे जाच अधिकारी काला धन मान लेते हैं और व्यापारी का रुपया जप्त कर लेते हैं यह कहा जाता है कि यह पैसा चुनाव में खर्च करने के लिए जा रहा है जिससे व्यापारियों का व्यापार पूरी तरह से प्रभावित होता है और व्यापारी इस परेशानी से परेशान है लेकिन इसका कोई हल निकलता नहीं दिख रहा है बीते चुनाव में भी तमाम व्यापारियों का पैसा जांच के दौरान जप्त कर लिया गया था जिसे वापस पाने में व्यापारियों को कड़ी मेहनत करनी पड़ती है इतना ही नहीं बीते चुनाव में तमाम आभूषण व्यापारियों के आभूषणों को भी पुलिस ने जप्त कर लिया था अपने आभूषण को वापस पाने के लिए 2 वर्ष तक कई व्यापारियों को अधिकारियों के आगे पीछे चक्कर करना पड़ा अधिकारी उनके आभूषण को वापस करने में तरह-तरह की अड़चन पैदा करते हैं जब अधिकारियों को खुश कर दिया जाता है तो अड़चन दूर हो जाती है आखिर चुनाव हो रहा है

लोकसभा चुनाव में चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशियों द्वारा 5 करोड़ रुपए से अधिक की रकम खर्च की जाएगी

चुनाव से जुड़े नेता चुनाव को प्रभावित करने के लिए धन बाटते हैं चुनाव से जुड़े नेताओं के वाहनों की चेकिंग होनी चाहिए उनसे जुड़े लोगों के पैसे ले जाने पर रोक लगाई जानी चाहिए लेकिन चुनाव के बहाने आम जनता व्यापारी के लेनदेन पर रोक लगाकर व्यापार प्रभावित किया जा रहा है जिससे व्यापारी भी व्यापार कमजोर कर देते हैं व्यापार कमजोर होने से मजदूरों का रोजगार खत्म हो जाता है जिससे मजदूर के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा होता है व्यापार प्रभावित होने से सरकार को राजस्व टैक्स का भी नुकसान होता है चुनाव के दौरान जिन नेताओं द्वारा करोड़ों रुपए प्रचार के दौरान खर्च किया जाता है उनके वाहनों की जांच करने का साहस जांच अधिकारी नहीं कर पाते हैं बीते चुनाव में भी लोकसभा प्रत्याशियों ने चार से पांच करोड रुपए चुनाव प्रचार में खर्च किया था इस बार लोकसभा चुनाव में उम्मीद है कि चुनाव प्रचार के दौरान लोकसभा प्रत्याशियों द्वारा 10 करोड़ रुपए से अधिक की रकम खर्च की जाएगी लोकसभा चुनाव में 10 करोड रुपए की रकम खर्च कर चुनाव प्रभावित करने वाले नेताओं के वाहनों में जांच के दौरान लाखों की रकम जांच अधिकारियों को नहीं मिलती है जबकि पूरे दिन वाहनों का खर्च मीटिंग रैली के खर्च के नाम पर उनके कार्यालय से पैसे बाटे जाते हैं लोकसभा प्रत्याशियों के कार्यालय की स्थिति इतनी खराब होती है कि सुबह से 3 घंटे तक लगातार प्रतिदिन वाहन मालिक को पैसे का वितरण किया जाता है भोजन की व्यवस्था का भी लाखों रुपए प्रतिदिन वितरण किया जाता है साथ ही साथ मंच मीटिंग माइक लाउडस्पीकर टेंट कुर्सी आदि के खर्चे के लिए भी प्रतिदिन सुबह से पैसे का वितरण होता है लेकिन प्रत्याशियों के द्वारा वितरण किया जा रहा पैसा जांच अधिकारियों को नहीं दिखाई पड़ रहा है लोकसभा चुनाव में पैसा बांटने को रोकने के लिए बनाई गई टीम द्वारा यह ड्रामेबाजी आम जनता को हजम नहीं हो रही है आखिर कब तक नेताओं की कठपुतली बनकर अधिकारी काम करते रहेंगे और काम के बहाने आम जनता का उत्पीड़न करते रहेंगे यह गंभीर सवाल है निर्वाचन आयोग को इस मामले में गंभीरता दिखानी होगी और करोड़ों रुपए खर्च कर चुनाव जीतने का प्रयास करने वाले नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी कर उनके काला धन को खुलासा कर चुनाव को पारदर्शी बनाना होगा।

इंद्रजीत सरोज के कौशांबी लोकसभा से सपा प्रत्याशी बनाए जाने से विपक्षियों में बेचैनी

कौशाम्बी। जिले की राजनीति में मजबूत पकड़ रखने वाले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व कबीना मंत्री इंद्रजीत सरोज को समाजवादी पार्टी ने कौशांबी लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित कर दिया है इंद्रजीत सरोज के समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी सहित विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं में खलबली मच गई है बताते चलें कि वर्ष 1999 से लगातार कौशांबी की राजनीति में इंद्रजीत सरोज का पूरी तरह से दबदबा रहता था जिले की तीनों विधानसभा सीट लोकसभा सीट जिला पंचायत अध्यक्ष सहित ब्लॉक प्रमुख की सीटों पर इंद्रजीत के समर्पित प्रत्याशी चुनाव जीतते थे वर्ष 2014 के मोदी लहर में इंद्रजीत सरोज का कद कुछ कम हुआ था लेकिन फिर भी जिले में उनकी मजबूत पकड़ बनी थी 1999 से 2014 तक अन्य पार्टी के नेताओं की दाल नहीं गलती थी बीते विधानसभा चुनाव 2022 में भाजपा के किले को ढहाते हुए इंद्रजीत सरोज ने कौशांबी

इंद्रजीत सरोज के प्रत्याशी बनाए जाने के बाद वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव की पराजय फिर भाजपा को दिखाई पड़ने लगी है, वर्ष 1999 से लगातार कौशांबी की राजनीति में इंद्रजीत सरोज का पूरी तरह से दबदबा रहता था

जिले के तीनों विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जीत दिलाकर भाजपा में बेचैनी बढ़ा दी थी 2022 के चुनाव में कौशांबी में बीजेपी लहर नहीं दिखाई पड़ सकी जबकि विधायक प्रत्याशियों की जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह जैसे दिग्गज नेताओं ने भी चुनावी जनसभा को संबोधित किया था इंद्रजीत सरोज के प्रत्याशी बनाए जाने के बाद वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव की पराजय फिर भाजपा को दिखाई पड़ने लगी है हालांकि अभी भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है और कौशांबी जिले में बसपा और कांग्रेस का जनाधार खत्म हो चुका है अनुसूचित जाति के मतदाताओं के बीच मजबूत पकड़ रखने वाले इंद्रजीत सरोज के समाजवादी पार्टी प्रत्याशी बनाए जाने के बाद लोकसभा चुनाव में अन्य पार्टियों की गुणा गणित बिगड़ सकती है वर्ष 2014 और वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से विनोद सोनकर ने कौशांबी सीट पर जीत दर्ज की थी लेकिन इस बार उनके लिए भी कौशांबी लोकसभा की सीट से जीत दर्ज करना आसान नहीं होगा।

महिला ने लगाया भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

कौशाम्बी। जिले में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला प्रभारी पर महिला ने जबरन जमीन न बेचने पर जान से मारने की धमकी देने और फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने का आरोप लगाया है,महिला ने इसकी शिकायत एसपी से की है,एसपी ने जांच के बाद कार्यवाई का आश्वासन दिया है। करारी थाना क्षेत्र के सालेपुर गांव की महिला ने गांव के ही अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला प्रभारी अजमल शाह पर आरोप लगाए है कि उसने जबरन जमीन कब्जा कर मकान का निर्माण करा लिया है और अब जबरन जमीन की राजिष्ट्री कराने का दबाव बना रहा है,दबंग की डर से महिला गांव में नही रह पा रही है।महिला ने एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव को शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि गांव के ही अजमल शाह दबंग किस्म के व्यक्ति है,उन्होंने जबराम उसकी जमीन पर निर्माण करा लिया है और अब जबरन जमीन को अपने नाम लिखवाने के लिए दबाव बना रहे है और जमीन न लिखने पर फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने और जान से मारने की धमकी दे रहे है। एसपी ने जांच के बाद कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है।

मतगणना उपरान्त किसी भी प्रकार का कोई विजय जुलूस नहीं निकाला जायेगा

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया है कि मतगणना उपरान्त किसी भी प्रकार का कोई विजय जुलूस नही निकाला जायेंगा। प्रायः यह देखा जाता है कि चुनाव प्रक्रिया प्रारम्भ होने पर व्यक्तियों/दलों द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने एवं अपने बाहुबल का प्रदर्शन करने के लिए अग्नेयाश्त्रों का प्रदर्शन किया जाता है, इस विषय में स्पष्ट किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा अपने शस्त्र को राजनैतिक दल अथवा प्रत्याशी के साथ संचरण करते हुए पाया गया तो यह माना जायेंगा कि उसके द्वारा शस्त्र अधिनियम के शर्तो का उलंघन किया गया है और यह मानते हुए शस्त्र जब्ती/निरस्तीकरण की कार्यवाही की जायेंगी। शस्त्र धारको को किसी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति के साथ संचरण करने पर पूर्णतयः प्रतिबन्धित किया जाता है, यह प्रतिबन्ध स्वयं राजनैतिक दल व प्रत्याशी पर पूर्ण रूप से लागू होंगे। कोई भी व्यक्ति अग्नेयाश्त्र के साथ किसी राजनैतिक गतिविधि/प्रचार-प्रसार में हिस्सा नही लेंगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी धर्म/पंथ/सम्प्रदाय आदि के किसी भी महापुरूष, देवी-देवता आदि का प्रत्यक्ष या परोक्ष किसी भी रूप से अनादर करने का प्रयास नही करेंगा और न ही जनसामान्य को भड़काने वाली अथवा दिग्भ्रमित करने वाली कोई अफवाह फैलाएगा। इसी प्रकार ऐसा कोई लेखन/वॉल पेन्टिंग न किया/कराया जायेंगा और न ही समक्ष स्तर से अनुमति प्राप्त किये बिना देवी-देवताओं अथवा किसी महापुरूष की मूर्ति ही स्थापित की जायेंगी। किसी भी चार पहिया वाहन या अन्य छत वाले वाहनों की छत पर कोई यात्री यात्रा नहीं करेंगा और दो पहिया वाहनों पर दो से अधिक व्यक्ति तथा अन्य वाहनों पर निर्धारित यात्रियों से अधिक यात्रा नहीं करेंगा। कोई भी व्यक्ति/समूह किसी सार्वजनिक अथवा धार्मिक स्थलों के आस-पास मांस/गोश्त न ही बेंचेगा और न ही फेंकेगा। कोई भी व्यक्ति/व्यक्तियों का समूह निर्धारित/ अनुमन्य स्थल के अतिरिक्त सार्वजनिक/धार्मिक स्थलों के आस-पास खुलेआम किसी प्रकार की मदिरा का न तो विक्रय करेंगा और न ही मदिरा पान करेगा।

रामगंगा नहर, करारी माइनर, टेवा माइनर समेत जिले की सभी सूखी नहरों में टेल तक पानी छोड़ा जाए : अजय सोनी

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी ने जिले की सभी सूखी नहरों में टेल तक जल्द ही पानी छोडे जाने की मांग की है। साथ ही जल्द पानी न छोड़े जाने पर मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही है। बुधवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी ने जिले के कई क्षेत्रों की कई सूखी नहरों जैसे रामगंगा नहर, करारी माइनर, पथरावा माइनर, धमावा माइनर, गौरा माइनर, टेंवा माइनर आदि का स्थलीय जायजा लिया और किसानो से मुलाकाग की। किसानों से वार्ता के क्रम में किसानो ने नहरों में पानी न आने से रबी की फसलों के सूखने की अजय सोनी से बात कही। किसानो का कहना था कि नहरों में पानी न आने से रबी की फसलें सूख रही है और सिंचाई विभाग एवं जिला प्रशासन खामोश है। इस अवसर पर अजय सोनी ने जिला प्रशासन कौशांबी और सिंचाई विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द जिले की रामगंगा नहर, करारी माइनर, पथरावा माइनर, धमावा माइनर, तुसलीपुर माइनर, टेंवा माइनर, गौरा माइनर समेत जिले की सभी सूखी नहरों में

सूखी नहरों में टेल तक जल्द पानी छोड़े जाने की सकिपा ने सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन से की मांग

टेल तक जलापूर्ति करवाने की मांग की हैं। अजय सोनी के मुताबिक किसानो की रबी की फसलें सूख रहीं हैं और रामगंगा नहर, करारी माइनर नहर, टेवा माइनर समेत जिले की अधिकतर नहरो में पानी नही आ रहा है जबकि इस समय किसानो को सिंचाई के लिए पानी चाहिए। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि सिंचाई विभाग किसानो की समस्याओ की अनदेखी कर रहा है जिसके चलते किसान परेशान हैं। आगे कहा कि रामगंगा नहर, करारी माइनर नहर समेत जिले की सभी सूखी नहरों में टेल तक जल्द ही पानी नही छोड़ा गया और किसानो की समस्यायों की अनदेखी की गई तो प्रदेश के मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी। इस अवसर पर भगवानदास वर्मा, आर डी यादव, रामहरी सिंह, राधे श्याम तिवारी, उत्तम कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

दूसरे के एरिया में उतर रही एक ट्रक सीमेन्ट कम्पनी के लोगों ने पकड़ा

कौशाम्बी। जिले में इन दिनों अवैध सीमेन्ट का कारोबार जोरों पर चल रहा है,अधिकतर सीमेन्ट कारोबारी कम्पनी का टारगेट पूरा करने व ज्यादा लाभ कमाने के चक्कर में गैर जनपदों से सीमेन्ट मंगवाकर और दूसरे डिस्ट्रीब्यूटर के एरिया का सीमेंट अपने यहां लाकर कम रेट पर भी बेंच रहे है। इससे ग्राहकों को तो सस्ती सीमेन्ट मिलती ही है और सीमेन्ट के कारोबार से जुड़े व्यापारी भी मालामाल हो रहे है। पर इन सब के चक्कर में जिसमें पूरे जिले का सीमेन्ट कम्पनी से काम लिया है उसको नुकसान हो रहा है। कोखराज थाना क्षेत्र में बुधवार की देर रात रोही बायपास पर एक ट्रक में लदा लगभग 700 बोरी अल्ट्रा टेक कम्पनी के सीमेन्ट को कम्पनी के एरिया सेल्स एक्जीक्यूटिव विवेक श्रीवास्तव ने दूसरे जनपद से लाकर कौशाम्बी एरिया से उतरते हुए पकड़ लिया कम्पनी के एरिया सेल्स एक्जीक्यूटिव विवेक श्रीवास्तव के अनुसार प्रयागराज के नारी बारी स्थित उत्कर्ष ट्रेडर्स ने प्रयागराज जनपद के ही मुट्ठीगंज एरिया के सीमेन्ट कारोबारी नरेन्द्र इंटर प्राइजेज प्रयागराज के हाथों 700 बोरी एक ट्रक सीमेन्ट बेच रखी थी,पर यह सीमेन्ट प्रयागराज में न उतरकर कौशाम्बी जनपद के भरवारी बाजार में दो दुकानदारों के यहां बेची गयी थी। रात को ही कुछ लोगों ने कम्पनी के एरिया सेल्स एक्जीक्यूटिव को सीमेन्ट चोरी से उतरने की जानकारी दी तो कम्पनी के एरिया सेल्स एक्जीक्यूटिव ने कम्पनी के उच्चाधिकारियों को सूचना देते हुए डायल 112 पुलिस को भी मामले की सूचना दी। कंपनी के लोगो ने बुधवार की रात लगभग 11 बजे रोही बायपास पर सीमेन्ट लदी ट्रक को पकड़

थाना में गाड़ी खड़ी कर हो रही पूछताछ

लिया और थाने ले जाकर लिखापढ़ी कराई, पकड़ी गयी सीमेन्ट की कीमत लगभग 3 लाख रुपए बताई जा रही है इस मामले में इंस्पेक्टर कोखराज इंद्र देव ने बताया कि बुधवार की देर रात अल्ट्राटेक सीमेन्ट कम्पनी के एरिया सेल्स एक्जीक्यूटिव द्वारा पुलिस की मदद से एक ट्रक सीमेन्ट थाने लाई गयी है। इसमें जीएसटी के अधिकारियों द्वारा भी लिखा पढ़ी की गयी है। यह सीमेन्ट दूसरे जनपद से लाकर कौशाम्बी में बेचा जा रहा था। ऐसी शिकायत भी कम्पनी के लोगों द्वारा की गयी है,पूछताछ की जा रही है,कंपनी के लोगो द्वारा दी जाने वाली तहरीर के आधार पर कार्यवाई की जायेगी।

न्यूज झरोखा

आगामी त्यौहार को लेकर दिए गए दिशा निर्देश

कौशाम्बी। आगामी त्योहार होली रमजान तथा लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा बैठक के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराए जाने एवं लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संबंध कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं बैठक में अपर जिलाधिकारी कौशाम्बी, अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी, समस्त उपजिलाधिकारी/क्षेत्राधिकारी के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पूरामुफ्ती थाना द्वारा चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

मनौरी कौशाम्बी लोकसभा चुनाव की आचार संहिता की घोषणा होने के बाद पुलिस की जांच पड़ताल बढ़ गई है चुनाव निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराए जाने के लिए पुलिस पूरी तरह से प्रयासरत है और इसी अभियान के अंतर्गत पूरा मुक्ति पुलिस ने गुरुवार को वाहनों की बड़े स्तर पर चेकिंग की है पुलिस की चेकिंग से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही पुरामुफ्ती थाना अंतर्गत मुख्य मार्ग पर और पूरा मुक्ति चौराहा पर गुरुवार की सुबह से ही पुरामुफ्ती थानाध्यक्ष ने भारी पुलिस बल के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया चेकिंग के दौरान सभी चार पहिया वाहन को विधिवत चेकिंग किया गया और वाहन चालकों को कड़े निर्देश दिए गए थाना अध्यक्ष ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाए इस मामले में लापरवाही करने वालों पर कार्यवाही की जाएगी।

अर्धसैनिक बल के साथ पइंसा पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

कौशाम्बी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग के द्वारा जारी किए गए दिशा निदेशौ से आम जनमानस को अवगत कराते हुए मोहब्बत पुर पइंसा पुलिस ने अर्धसैनिक बल के साथ क्षेत्र में पैदल फ्लैग मार्च किया आमजन मानस को अवगत कराते हुए थानेदार ने क्षेत्र के लोगों को निर्भीक व भय मुक्त हो कर लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष चुनाव में मतदान करने को जागरूक किया फ्लैग मार्च में समस्त पुलिस स्टाप अर्धसैनिक बल के जवान मौजूद रहे।

चौकीदारों को दिया गया साइकिल सीटी टॉर्च साफा

कौशाम्बी। अपर पुलिस अधीक्षक कौशांबी द्वारा पुलिस लाइन कौशांबी में चौकीदारों की गोष्ठी कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी व उन्हे साइकिल, सीटी, टॉर्च, साफा आदि का वितरण कर पुलिस के कर्तव्यों/दायित्वों से अवगत कराया गया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन मौजूद रहे।

कड़ाधाम पुलिस ने एसएसबी के साथ किया एरिया डोमिनेशन



कड़ा कौशाम्बी लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए कड़ा धाम थाना पुलिस ने पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ क्षेत्र में भ्रमण किया डोमिनेशन के दौरान थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने आम जनमानस को सुरक्षा का पूर्ण भरोसा दिलाया थानाध्यक्ष द्वारा क्षेत्रीय लोगों को निडर होकर मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया इस दौरान ड्रोन कैमरे से हिस्ट्री सीटर एवं संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश की गई कड़ा ब्लॉक के कई क्षेत्रों में अफजलपुर सातों घोसियाना वा अलीपुर जीता गांव में कड़ा धाम थाना इंचार्ज आशुतोष सिंह ने आर्मी के बटालियन के साथ पैदल गस्त किया अपराधियों एवं उनके घर वालों को आगामी चुनाव को लेकर सख्त निर्देश दिया एसपी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देश पर जिले में डोमिनेशन एवं मतदाता जागरूकता अभियान पुलिस द्वारा चलाए जा रहा है।

अवैध तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कौशांबी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ा धाम पुलिस उप निरीक्षक योगेश कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त जावेद अहमद ऊर्फ सद्दाम पुत्र महताब अली निवासी कजियाना कड़ा थाना कड़ा धाम जनपद कौशांबी को 01 अदद तमंचा 315 बोर 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ राजकीय बालिका इंटर कालेज फसइया तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय मु0अ0स0 49/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। थाना पिपरी पुलिस उप निरीक्षक राम स्वरूप मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त शनि पुत्र स्वर्गीय अशोक केसरवानी निवासी वार्ड नं0 08 अशोक नगर चायल खास थाना पिपरी जनपद कौशांबी को 01 अदद तमंचा 12 बोर 02 अदद 12 बोर कारतूस के साथ लालापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 41/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा जा रहा है।

चोरी के समान के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कौशांबी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना कौशांबी पुलिस उप निरीक्षक गोपाल दुबे मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0स0 17/24 धारा 457/380/411 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त दीपचंद उर्फ सागर पुत्र दयाराम अग्रहरी निवासी मुस्तफाबाद थाना व जनपद कौशांबी को विजया चौराहा से गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 01 आदत छोटी साइकिल (तीन पहिया) 01 अदद साइकिल बड़ी 01 अदद टायर 01अदद पंप बरामद किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

04 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

कौशांबी। थाना सैनी पुलिस उप निरीक्षक अरुण कुमार मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा परिवार संख्या 1747/13 से संबंधित 03 वारंटी अभियुक्तों शारदा प्रसाद पुत्र छेदी विनोद पुत्र शारदा प्रसाद हरि सिंह उर्फ गब्बर पुत्र दिग्गज सिंह निवासी गण टांडा थाना सैनी जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को माननीय न्यायालय भेजा गया। थाना कड़ा धाम पुलिस उप निरीक्षक दीपक मिश्रा मय हमराह पुलिस बल द्वारा परिवाद संख्या 338/20 498ए/323 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित वारंटी अभियुक्त मान सिंह यादव पुत्र रामकिशन यादव निवासी अम्बाई बुजुर्ग थाना कड़ा धाम जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कड़ाधाम कौशाम्बी। कड़ाधाम थाना उपनिरीक्ष

संपादक की कलम से

होली दिलों से जुड़ी प्रेरक भावनाओं का पर्व

होली एक ऐसा त्योहार है, जिसका धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक-आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। बदलती युग-सोच एवं जीवनशैली से होली त्यौहार के रंग भले ही फीके पड़े हैं या मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़, स्वार्थ एवं संकीर्णता से होली की परम्परा में धुंधलका आया है। परिस्थितियों के थपेड़ों ने होली की खुशी को प्रभावित भी किया है, फिर भी जिन्दगी जब मस्ती एवं खुशी को स्वयं में समेटकर प्रस्तुति का बहाना मांगती है तब प्रकृति एवं परम्परा हमें होली जैसा रंगारंग त्योहार देती है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक उन्नत आत्मउन्नयन एवं सौहार्द का माहौल बनाएं, जहां हमारी संस्कृति एवं जीवन के रंग खिलखिलाते हुए देश ही नहीं दुनिया में अहिंसा, प्रेम, भाई-चारे, साम्प्रदायिक सौहार्द के रंग बिखेरे। पर्यावरण के प्रति उपेक्षा एवं प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए।

हिंदू कैलेंडर के अनुसार, होली फाल्गुन महीने की पूर्णिमा को मनाई जाती है। यह वसंत ऋतु के आगमन का जश्न है। इस वर्ष होली पर अनेक शुभ योग बनने से होली का महत्व अधिक है। सर्वार्थसिद्धि योग, रवि योग, धनशक्ति योग, बुधादित्य योग मिलाकर बनते हैं पंच महायोग। कुंभ राशि में शनि, मंगल और शुक्र ग्रह होने से बनते हैं त्रिग्रही योग। इस बार होली पर रहने वाली है चंद्र ग्रहण की छाया, जिससे कुछ राशियों को मिलेगा शुभ परिणाम। इस प्रकार समस्त बड़े-छोटे, सूक्ष्म और बृहत योग 340 वर्षों बाद प्राप्त हो रहे हैं, जो विशेष फलदायी, शुभ एवं नवीन उत्सवमयी होने का सूचक हैं। पौराणिक मान्यताओं की रोशनी में होली के त्योहार का विराट् समायोजन बदलते परिवेश में विविधताओं का संगम बन गया है, दुनिया को जोड़ने का माध्यम बन गया है। हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहाँ पर मनाये जाने वाले सभी त्यौहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। वस्तुतः होली आनंदोल्लास का पर्व है।

होली की परम्पराएँ श्रीकृष्ण की लीलाओं से सम्बद्ध हैं और भक्त हृदय में विशेष महत्व रखती हैं। श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर होकर होली का रंगभरा और रंगीनीभरा त्यौहार मनाना एक विलक्षण अनुभव है। मंदिरों की नगरी वृन्दावन में फाल्गुन शुक्ल एकादशी का विशेष महत्व है। इस दिन यहाँ होली के रंग खेलना परम्परागत रूप में प्रारम्भ हो जाता है। मंदिरों में होली की मस्ती और भक्ति दोनों ही अपनी अनुपम छटा बिखेरती है। होली जैसे त्यौहार में जब अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, ब्राह्मण-शूद्र आदि सब का भेद मिट जाता है, तब ऐसी भावना करनी चाहिए कि होली की अग्नि में हमारी समस्त पीड़ाएँ दुःख, चिंताएँ, द्वेष-भाव आदि जल जाएँ तथा जीवन में प्रसन्नता, हर्षोल्लास तथा आनंद का रंग बिखर जाए। होली का कोई-न-कोई संकल्प हो और यह संकल्प हो सकता है कि हम स्वयं शांतिपूर्ण एवं स्वस्थ जीवन जीये और सभी के लिये शांतिपूर्ण एवं निरोगी जीवन की कामना करें। ऐसा संकल्प और ऐसा जीवन सचमुच होली को सार्थक बना सकते हैं। होली शब्द का अंग्रेजी भाषा में अर्थ होता है पवित्रता। पवित्रता प्रत्येक व्यक्ति को काम्य होती है और इस त्योहार के साथ यदि पवित्रता की विरासत का जुड़ाव होता है तो इस पर्व की महत्ता शतगुणित हो जाती है। प्रश्न है कि प्रसन्नता का यह आलम जो होली के दिनों में जुनून बन जाता है, कितना स्थायी है? डफली की धुन एवं डांडिया रास की झंकार में मदमस्त मानसिकता ने होली जैसे त्योहार की उपादेयता को मात्र इसी दायरे तक सीमित कर दिया, जिसे तात्कालिक खुशी कह सकते हैं, जबकि अपेक्षा है कि रंगों की इस परम्परा को दीर्घजीविता प्रदान करते हुए आत्मिक खुशी का जरिया भी बनाये।

जीवन को हर रंग में जीने और स्वीकारने की कला सबको नहीं आती। उसके लिए जरूरत होती है, एक मस्तमौला नजरिए की। समुद्र से मिलने को तत्पर, मीलों बहती रहने वाली नदी की ऊर्जा की। ऊर्जा और आनंद के इसी मेल का प्रतीक है होली का त्यौहार, जो लगातार बदलते रहने के बावजूद बना रहता है, ध्रुव है, सत्य है। जितने रंग प्रकृति के हैं, उतने ही हमारे हैं और प्रकृति हर पल रंग बदलती है। पुरानी पत्तियां शाख छोड़ती नहीं हैं कि नई खिलनी शुरू हो जाती हैं। पतझड़ और बसंत साथ ही चलते रहते हैं। धरती के भीतर के घुप अंधेरों को चीर कर बाहर निकला बीज, फूल, शाख, पत्तियां और फल के रंग धर लेता है। उगने, डूबने, खिलने, फैलने, मिलने, सूखने, झड़ने, चढ़ने, उतरने और खत्म होने का हर रंग प्रकृति में है और है होली के मनभावन पर्व में। पर प्रकृति हो या होली इनसे उदासीन हम, कुछ ही रंगों में सिमट जाते हैं। गिले-शिकवों, उदासी, तेरे-मेरे, क्रोध और कुंठा में ही अटक जाते हैं। नतीजा, जिंदगी में तनाव और उदासी घिरने लगती है। होली जैसे त्यौहारों के बावजूद जीवन के सारे रंग फिके पड़ रहे हैं। न कहीं आपसी विश्वास रहा, न किसी का परस्पर प्यार, न सहयोग की उदात्त भावना रही, न संघर्ष में एकता का स्वर उठा। बिखराव की भीड़ में न किसी ने हाथ थामा, न किसी ने आग्रह की पकड़ छोड़ी। यूँ लगता है सब कुछ खोकर विभक्त मन अकेला खड़ा है फिर से सब कुछ पाने की आशा में। कितनी झूठी है यह प्रतीक्षा, कितनी अर्थ शून्य है यह अगवानी।

हम भी भविष्य की अनगिनत संभावनाओं को साथ लिए आओ फिर से एक सचेतन माहौल बनाएँ। उसमें सच्चाई का रंग भरने का प्राणवान संकल्प करें। होली के लिए माहौल भी चाहिए और मन भी चाहिए, ऐसा मन जहाँ हम सब एक हों और मन की गंदी परतों को उखाड़ फेकें ताकि अविभक्त मन के आइने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। कलाकार एमी ग्रेंट के अनुसार, ह्यकाला रंग गहराई देता है। इसे मिलाए बिना किसी वास्तविकता को रचा नहीं जा सकता ह्ल जीवन में सुख-दुख दोनों हैं। दोनों एक-दूसरे में बदलते रहते हैं। हमें सुख अच्छा लगता है और दुख में हम घबरा उठते हैं। सारी कोशिशें ही दुखों से बचने की होती हैं। होली का अवसर भी सारे दुःखों को भूलकर स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का अवसर है।

फिल्मी फामुर्ले

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

हमारे एक लेखक मित्र हैं। वे आजकल की हिंदी फिल्में देखने का बड़ा शौक रखते हैं। उन्हें लगता है कि जब कभी गाली-गलौज करना हो या फिर भड़ास निकालनी हो तो आजकल की हिंदी फिल्मों से बढ़कर कोई दूसरा बहाना नहीं हो सकता है। एक दिन वे इसी के बारे में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहने लगे- आजकल की फिल्में देखकर मुझे बनाने वालों और उसमें अभिनय करने वालों पर तरस आता है। फिल्में वे करते हैं और मरना हमें पड़ता है। मारने का इतना ही शौक है तो अपने परिवार वालों को मारें। आम जनता ने उनका क्या बिगाड़ा है। उनका अभिनय देखकर पचा-पचाया भोजन गड़बड़ाने लगता है। आज के जमाने में इन फिल्मों को देखने वालों के लिए इक्कीस तोपों की सलामी बनती ही है। फिल्म के नाम पर ह्यनचनिया की दुकनियाह्ल चला रहे हैं। हाँ कभी कभार कुछ ऐसी फिल्में आ जाती हैं जो वाह-वाह करने अथवा दस्ती से आँख पोंछने पर मजबूर कर देती हैं। वरना हम तो वो हैं जो इसका इस्तेमाल सिर्फ शर्म से बहती नाक और प्रदूषण के दुर्गंध से बचने के लिए करते हैं।

मैंने उत्सुकता के साथ पूछा झ इसका मतलब आजकल की फिल्में फिल्म देखने लायक है? मेरा इतना पूछना भर था कि उन्होंने तुरंत पलटकर जवाब दिया झ मैंने कब कहा कि फिल्में देखने लायक है? यदि सच्चाई दिखाने से फिल्में पैसा बटोर लेती तो कल्पना और झूठ के बल पर करोड़ों का व्यापार करने वाली फिल्में देखने कुत्ता भी नहीं जाता। भैया ये भी कोई फिल्में हैं? शुरू से लेकर आखिरी तक रोना ही रोना। मार-धाड़। आइटम सांग। इसमें हमारे रोने के अलावा कुछ है ही नहीं। और जब रोना ही है तो इन्हीं फिल्मों को देखने की क्या जरूरत है? क्या दुनिया में दुखों की कमी है? एक ढूँढ़ों हजार मिल जायेंगे। अरे मैं तो कहता हूँ धरती पर जितना ऑक्सीजन नहीं है उससे ज्यादा तो दुख है। इन फिल्मों में मनोरंजन के मसाले की कमी साफ झलकती है। बिना मसाले की सब्जी और फिल्म दोनों फीकी होती है।

मैं कुछ पूछता उससे पहले ही वे मुझे भांप गए। कहने लगे झ मसाले का मतलब समझते भी हो। इस फिल्म में न ढंग के गाने हैं, न रोमांस। अरे फिल्में तो ऐसी होनी चाहिए जिसमें थोड़ी फैंतसी हो। पप्पी-झप्पी हो। रोमांस हो। सच्चाई दिखाओ लेकिन इन सारे मसालों को मिलाकर दिखाओ। तब देखना फिल्म कितना रुपया बटोरती है।

मैंने उनकी बात को काटते हुए कहा- सच्चाई को दिखाने वाली फिल्में जब फैंटसी पर उतर आती हैं तब सच फैंटसी के पीछे छिप जाता है। ऐसी फिल्में व्यावसायिक और बेईमानी भरी होती हैं। यह आंखों देखा हाल नहीं दिखा सकतीं। मनोरंजन करने वाली फिल्म सिर्फ मनोरंजन कर सकती हैं। एक गाने पर सौ बार लोकेशन और कपड़े बदलने वाले दृश्य केवल कोरे दृश्य बनकर रह जाते हैं। वे हमारी दृष्टि नहीं बन सकते। मनोरंजन में दबा डायरेक्टर केवल दुःख बेच सकता है, लेकिन दुःख दिखा नहीं सकता। दुःख महसूस करने की चीज होती है। नरसंहार की कहानी में प्यार और प्यार के गाने नहीं फिट हो सकते। वैसे भी आज का प्यार और उसके गीत दो-ढाई महीने से ज्यादा नहीं चलते। मैं कुछ और कहता मित्र बीच में टपक पड़े झ अरे तुम भी न। पहली बात तो तुम्हें फिल्मे देखने की अक्ल नहीं है। फिल्मे भावनाओं से भरकर नहीं देखी जाती। फिल्में मतलब मौज-मस्ती दे सकें। इन फिल्मों में वह चीज नहीं है। इसीलिए इसे मैंने सिनेमाघर में देखना फिजूलखर्ची समझा। इधर-उधर से पाइरेटेड चीज मिल गई देख लिया। हमारा क्या है, हम जैसे लेखकों को कुछ लिखने के लिए मसाला चाहिए। सो मसाला मिल गया, कोरे कागज को काला करने का बहाना मिल गया। कोई न कोई समाचार पत्र वाला छाप ही देगा। नहीं छापा तो अपने बाप का सोशल मीडिया तो पड़ा ही है। चेंप देंगे उधर। सौ-दो सौ लाइक्स तो मिल ही जायेंगे।

जल की आपूर्ति और शुद्धता की चुनौती

अरविंद जयतिलक
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

भारत में जल का वितरण सर्वत्र एक समान नहीं है। कुछ क्षेत्रों में यह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है तो अन्य क्षेत्रों में इसकी कमी है। आज जरुरत इस बात की है कि जल संबंधी ऐसी वितरण व्यवस्था हो ताकि जल हानि न हो और जल प्रदूषित होने से भी बच जाए। इसे बचाने की कोशिश नहीं हुई तो मानव जीवन का संकट में पड़ना तय है। ध्यान देना होगा कि भूजल जल आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है। इसका उचित संरक्षण और उपयोग बेहद आवश्यक है।

भारत के जल संसाधन पर नजर दौडाएं तो भारत में विश्व के जल संसाधनों का 4 प्रतिशत भाग पाया जाता है। इसका लगभग एक तिहाई भाग वाष्पीकृत हो जाता है। तथा 45 प्रतिशत भाग ढाल के अनुरुप बहकर तालाबों, झीलों और नदियों में चला जाता है। वर्षण से जल की जो थोड़ी-सी मात्रा यानी तकरीबन 22 प्रतिशत मृदा में प्रवेश कर भूमिगत हो जाती है उसे भौम जल या भू-जल कहा जाता है। भारतीय उपमहाद्वीप में भूजल का व्यवहार अत्यधिक जटिल है। जीईसी 1997 के दिशा निदेर्शों एवं संस्तुतियों के आधार पर देश में स्वच्छ जल के लिए भूजल संसाधनों का आकलन किया गया जिसके मुताबिक देश में कुल वार्षिक पुनः पूरणयोग्य भूजल संसाधनों का मान 433 घन किमी है। प्राकृतिक निस्सरण के लिए 34 बीसीएम जल स्वीकार करते हुए नेट वार्षिक भूजल उपलब्धता का मान संपूर्ण देश के लिए 399 बीसीएम है। वार्षिक भूजल का मान 231 बीसीएम है जिसमें सिंचाई उपयोग के लिए 213 बीसीएम तथा घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग के लिए जल का मान 18 बीसीएम है। धरातलीय जल तथा पुनर्भरण योग्य भूमिगत जल से 1,869 घन किमी जल उपलब्ध है और इनमें से केवल 60 प्रतिशत यानी 1,121 घन किमी जल का लाभदायक उपयोग किया जाता है। भूजल पीने के पानी के अलावा पृथ्वी में नमी बनाए रखने में भी मददगार साबित होता है। पृथ्वी पर उगने वाली वनस्पति तथा फसलों का पोषण भी इसी जल से होता है। यहां यह भी जानना जरुरी है कि अन्य देशों की तुलना में भारत में सालाना मीठे व स्वच्छ पानी की खपत अधिक होती है।

विश्व बैंक के विगत चार साल के आंकड़ों के अनुसार घरेलू, कृषि एवं औद्योगिक उपयोग के लिए प्रतिवर्ष 761 बिलियन घन मीटर जल का इस्तेमाल होता है। विडंबना यह है कि भूजल के स्तर में लगातार गिरावट भी हो रही है। भौगोलिक परिदृश्य पर नजर दौड़ाएं तो भारत के पठारी भाग भूजल की उपलब्धता के मामले में कमजोर हैं। यहां भूजल कुछ खास भूगर्भिक संरचनाओं में पाया जाता है जैसे भ्रंश घाटियों और दरारों के सहारे। वहीं दूसरी ओर उत्तरी भारत के जलोढ़ मैदान हमेशा से भूजल में संपन्न रहे हैं। लेकिन अब उत्तरी व पश्चिमी भागों में भूजल के तेजी से दोहन से अभूतपूर्व कमी देखने को मिल रही है। गिरता भूजल सिर्फ महाराष्ट्र के मराठवाड़ा, उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड या बिहार के सीतामढ़ी तक ही सीमित नहीं है। पंजाब व हरियाणा जैसे राज्यों में भूजल स्तर 70 प्रतिशत तक नीचे पहुंच चुका है। आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान समय में भारत के 29 प्रतिशत विकास खंड भूजल के दयनीय स्तर पर हैं। ऐसा माना जा रहा है कि 2025 तक लगभग 60 प्रतिशत विकास खंड चिंतनीय स्थिति में आ जाएंगे। हालांकि देश में जल संरक्षण तथा प्रबंधन कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए समय-समय पर अनेक उपाय किए गए हैं। मसलन 1945 में केंद्रीय जल आयोग का गठन किया गया जो राज्यों के सहयोग से देश भर में जल संसाधनों के विकास, नियंत्रण, संरक्षण तथा समन्वय को आगे बढ़ाता है।

1970 में केंद्रीय भू-जल बोर्ड का गठन किया गया। बोर्ड का मुख्य कार्य भू-जल संसाधनों के प्रबंधन, स्थायी एवं वैज्ञानिक विकास के लिए प्रौद्योगिकियों को विकसित करना तथा राष्ट्रीय नीति की निगरानी में उन्हें वितरित करना है। इसी तरह 1980 में राष्ट्रीय जल बोर्ड तथा 2006 में भू-जल के कृत्रिम पुनर्भरण के लिए सलाहकार परिषद का गठन किया गया। 2012 में राष्ट्रीय जल नीति तैयार किया गया जिसके तहत सुनिश्चित किया गया कि जल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए वर्षा का प्रत्यक्ष उपयोग एवं अपरिहार्य वाष्पोत्सर्जन को कम करने का प्रयास होगा। देश में भूजल संसाधन की मात्रा एवं गुणवत्ता की स्थिति का पता लगाया जाएगा।

जलवायु परिवर्तन के अनुरुप जल संसाधनों के संरक्षण तथा अनुरुप प्रौद्योगिकी विकल्प को आजमाया जाएगा। औद्योगिक परियोजनाओं के लिए जल उपयोग हेतु परियोजना मूल्यांकन एवं पर्यावरणीय अध्ययन का विश्लेषण किया जाएगा। लेकिन सच तो यह है कि इन प्रयासों के बावजूद भी भारत में जल संरक्षण एवं प्रबंधन हेतु व्यापक स्तर पर संचालित कार्यक्रम परिणाम की दृष्टि से प्रभावी साबित नहीं हुए है। भूजल के उपयोग को नियंत्रित करने के लिए एक स्पष्ट प्रभावी कानूनी ढांचे का अभाव बना हुए है। नतीजा भूजल न सिर्फ बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है बल्कि उसके स्तर में भी भारी गिरावट आ रही है।

हैरान करने वाला यह कि इस गहराते संकट का असर दिखने के बाद भी इसके बचाव के लिए लिए कोई कारगर पहल नहीं हो रही है। नतीज हर वर्ष अरबों घन मीटर भूजल दूषित हो रहा है। यह समझना होगा कि भारत सालाना जल की उपलब्धता के मामले में चीन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों से बहुत पीछे है। ऐसे में अगर दूषित व गिरते भूजल को बचाने का समुचित उपाय नहीं किया गया तो हालात खतरनाक स्तर तक पहुंच सकते है।

याद होगा अभी गत वर्ष पहले ही सर्वोच्च अदालत ने नदियों में बढ़ते प्रदूषण और उससे लोगों की सेहत पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को लेकर कड़ा रुख अख्तियार किया। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा कि साफ पर्यावरण और प्रदूषण रहित जल व्यक्ति का मौलिक अधिकार है और इसे उपलब्ध कराना कल्याणकारी राज्य का संवैधानिक उत्तरदायित्व है। कोर्ट ने यह भी कहा कि संविधान का अनुच्छेद-21 जीवन का अधिकार देता है और इस अधिकार में गरिमा के साथ जीवन जीने और प्रदूषण रहित जल का अधिकार शामिल है। सर्वोच्च अदालत ने यह भी कहा कि संविधान के अनुच्छेद 47 और 48 में जन स्वास्थ्य ठीक करना और पर्यावरण संरक्षित करना राज्यों का दायित्व है। साथ ही प्रत्येक नागरिक का भी कर्तव्य है कि प्रकृति जैसे वन, नदी, झील और जंगली जानवरों का संरक्षण व रक्षा करे। याद होगा गत वर्ष पहले भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने जारी अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया कि दिल्ली के पेयजल की गुणवत्ता कम हुई है जिससे जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के पेयजल के नमूने 19 मानदंडों में से किसी पर खरे नहीं पाए गए थे। कमोवेश ऐसी ही स्थिति देश के तकरीबन सभी राज्यों की है।

उचित होगा कि सरकार दूषित और गिरते भूजल स्तर की समस्या से निपटने के लिए दीर्घकालीन उपायों के साथ ही कुओं व तालाबों के संरक्षण, सिंचाई के स्त्रोतों के विकास और जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के बारे में जल मित्रों के जरिए जनभागीदारी के साथ जागरुकता फैलाने के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों को गति दे। घटते भूजल संसाधनों के संवर्धन के लिए समुद्र में प्रवाहित होने वाले अतिरिक्त वर्षा अपवाह का संरक्षण करे और फिर उसकी सहायता से पुनः पूरण द्वारा भूजल संसाधनों में वृद्धि करे। जलाशयों के जल का समय-समय पर परीक्षण करा नियमित सफाई सुनिश्चित करे। जनसाधारण में जल प्रदूषण के प्रति जागरुकता फैलाए। तटवर्ती भागों में समुद्री जल का निर्लवणीकरण करके जल का विभिन्न कार्यों में प्रयोग करे। राष्ट्रीय स्तर पर दूषित भूजल की रोकथाम के लिए योजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन करने की भी जरुरत है। यह समझना होगा कि भूजल समस्त वनस्पतियों, पशुओं तथा मानव जीवन का आधार है। उसे प्रदुषण से बचाने के लिए व्यवहारिक पहल की आवश्यकता है। सिर्फ कागजों पर योजनाओं को उकेरने मात्र से नतीजे अनुकूल नहीं होंगे।

आखिर क्यों विभाजित नहीं होती भाजपा ?

@ राकेश अचल



भारत की राजनीति में कांग्रेस समेत अधिकाँश दल अक्सर विभाजित होते आये हैं लेकिन भाजपा में अभी तक स्पष्ट विभाजन कभी हुआ। भाजपा टूटी लेकिन ऐसी नहीं की उसकी टूटन से भाजपा का भट्ठा ही बैठ जाए। भाजपा में इस समय पिछले 44 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा असंतोष है लेकिन भाजपा विभाजित होने वाली नहीं है। भाजपा में अब तक गुजरात और मध्य प्रदेश में ही बगावत हुई थी लेकिन अब बगावत के सुर कर्नाटक से उठ रहे है।

भाजपा ने विभाजन का दर्द कभी ढंग से महसूस ही नहीं किया जबकि कांग्रेस तो बीते सौ साल में एक बार नहीं बल्कि बार-बार विभाजित हुई, किन्तु कभी समाप्त नहीं हुई। आज भी कांग्रेस की देश के अनेक राज्यों में कांग्रेस की सरकारें हैं। तेलंगाना, हिमाचल और झारखंड अभी तक कांग्रेस का ध्वज उठाने वाले राज्य हैं। दो आम चुनाव जीतने के बाद भी भाजपा इस देश को कांग्रेस मुक्त नहीं कर पायी है। 2024 के आम चुनाव में क्या होगा, ये कहना कठिन है।

आपको बता दूं कि 1947 में देश के स्वतंत्र होने से लेकर 2019 तक, 17 आम चुनावों में से, कांग्रेस ने 6 में पूर्ण बहुमत जीता है और 4 में सत्तारूढ़ गठबंधन का नेतृत्व किया है। इस तरह कांग्रेस कुल 49 वर्षों तक वह केंद्र सरकार का हिस्सा रही। कांग्रेस ने देश को एक -दो नहीं बल्कि पूरे सात प्रधानमंत्री दिए हैं। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पी.वी. नरसिम्हा राव और डा. मनमोहन सिंह कांग्रेस के अंतिम प्रधानमंत्री बने। कांग्रेस 2014 के आम चुनाव में एक बार सत्ताच्चुत हुई तो अब तक सत्तारूढ़ नहीं हो पायी। कांग्रेस ने आजादी से अब तक का सबसे खराब आम चुनावी प्रदर्शन 2014 में किया और 543 सदस्यीय लोक सभा में केवल 44 सीट जीती। 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस 44 से आगे बढ़कर 52 पर आ पायी, अब 18 वे आम चुनाव में कांग्रेस की छलांग उसे कहाँ तक ले जा पाएगी ये भविष्य के गर्त में हैं।

मै बात कर रहा था भाजपा में असंतोष की। भाजपा में पिछले 44 साल में 11 अध्यक्ष चुने गए, मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा फिलहाल एक्सटेंशन पर हैं। भाजपा को सत्ता के शीर्ष तक पहुँचाने के लिए भाजपा का रथ खींचने वालों में अटल बिहारी बाजपेयी, डॉ मुरली मनोहर जोशी, बंगारू लक्ष्मण, कुशाभाऊ ठाकरे और जेना कृष्णमूर्ति के अलावा वैंकया नायडू, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और अमित शाह का नाम प्रमुख है। भाजपा में असंतोष लालकृष्ण आडवाणी के समय भी था और आज भी है। आडवाणी के समय में मध्य-प्रदेश में उमा भारती और गुजरात में केशूभाई के बाद शंकर सिंह बाघेला जैसों ने बगावत की, अलग पार्टियां बनाई, ? लेकिन वे कभी राष्ट्रीय पार्टियां नहीं बन पायीं और अंततः भाजपा से अलग हुई पार्टियां भाजपा में ही विलीन हो गयीं।

पिछले एक दशक से सत्ता पर काबिज भाजपा की चाल, चरित्र और चेहरे में बहुत तब्दीली आयी है। आज भाजपा कारपोरेट तरीके से चल रही है। भाजपा में बगावत का मतलब बागी साथी का मटियामेट करना होता है। जो पार्टी नेतृत्व के खिलाफ गया उसको मिट्टी में मिला दिया गया हो। यशवंत सिन्हा से लेकर तमाम लोग हैं जो मौजूदा नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोलने में घबड़ा रहे हैं। मौजूदा नेतृत्व के आतंक के बावजूद हरियाणा में, राजस्थान में, आंध्र प्रदेश में और अब कर्नाटक में बगावत के स्वर सुनाई दे रहे हैं।

ताजा खबर ये है कि बेटे को टिकट नहीं मिलने से नाराज कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री के.एस. ईश्वरप्पा ने शिवमोग्गा से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। इस लोकसभा सीट से भाजपा ने बी एस येदुयुरप्पा के बेटे बी वाई राघवेंद्र को उम्मीदवार बनाया है। बुधवार को के.एस. ईश्वरप्पा ने येदियुरप्पा परिवार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि शिवमोग्गा से वह चुनाव जीतेंगे, चुनाव नतीजों के बाद येदियुरप्पा के दूसरे बेटे बी.वाई. विजयेंद्र से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का पद छिन जाएगा। उन्होंने अपने बेटे कांतेश का टिकट कटने का ठीकरा भी येदियुरप्पा पर ही फोड़ दिया। इस बयान के बाद येदियुरप्पा का भी बयान आया। उन्होंने कहा कि विजयेंद्र को जिम्मेदारी केंद्रीय नेतृत्व ने दी और जनता उनके आरोपों का जवाब देगी।

आम चुनाव कोई प्रक्रिया शुरू होने के बाद भाजपा में असंतोष को दबाने के लिए भाजपा का नेतृत्व क्या सबके साथ यशवंत सिन्हा की तरह ही व्यवहार करेगा या कोई दूसरा रास्ता खोजेगा ये कहना कठिन है। भाजपा का असंतोष कांग्रेस के लिए कितना फायदेमंद होगा कहना जल्दबाजी होगी। हाँ यदि भाजपा की ही तरह कांग्रेस भी अपने यहां भाजपा के असंतुष्टों के लिए शरणार्थी शिविर खोल ले तो शायद बात बन जाए। वरुण गांधी से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के भांजे अनूप मिश्रा तक असंतुष्टों की कतार में हैं। नेतृत्व के मामले में दोनों दलों में जमीन -आसमान का अन्तर है। कांग्रेस का नेतृत्व जहाँ गांधी परिवार की छाया से मुक्त नहीं है वहीं भाजपा का नेतृत्व इस समय स्वयंभू हो गया है। उसके ऊपर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का नियंत्रण भी नहीं रह गया है।

चार सौ पार क्यों?

यूँ तो सुलझे हुए नेता और विचारक सत्ता और प्रतिपक्ष दोनों में ही है। दोनों खेमों में इन दिनों चर्चा का मुद्दा चार सौ पार की जरूरत क्यों? ही है। इसका स्पष्टीकरण देते हुए भाजपा के कर्नाटक से सांसद और पार्टी के वरिष्ठ नेता अनंत कुमार हेगड़े ने कहा कि संविधान को बदलने के लिए पार्टी को 400 सीटों की जरूरत होगी। ह्यह्यकांग्रेस ने संविधान को विकृत कर दिया है। उसका मूल स्वरूप बदल दिया है। उसने संविधान में अनावश्यक चीजें ठूंस दी हैं। ऐसे कानून बनाए गए हैं जो हिन्दू समुदाय का दमन करते हैं। ऐसे में अगर इस स्थिति को बदला जाना है, अगर संविधान को बदला जाना है, तो वह उतनी सीटों से संभव नहीं है जितनी अभी हमारे पास हैं।

हालाँकि भाजपा ने इस बयान से दूरी बना ली है । उसने कहा कि वह अपने सांसद के वक्तव्य का अनुमोदन नहीं करती। मगर एक बात पक्की है, भाजपा में इस तरह के बयान और दावे कोई नई बात नहीं हैं। अनंत कुमार हेगड़े ने यही बात 2017 में भी कही थी जब वे बीजेपी की केन्द्र सरकार में मंत्री थे।

इसके विपरीत कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कई अन्य का मानना है कि बीजेपी को 400 सीटें उसी उद्देश्य के लिए चाहिए, जिसकी बात हेगड़े कर रहे हैं। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, ह्यह्यभाजपा सांसद का यह बयान कि पार्टी को संविधान बदलने के लिए 400 सीटों की जरूरत होगी, दरअसल, नरेंद्र मोदी और उनके संघ परिवार के गुप्त एजेण्डा की सार्वजनिक उद्घोषणा है। उनका कहना है नरेंद्र मोदी और भाजपा का अंतिम उद्देश्य बाबा साहेब के बनाए संविधान को नष्ट करना है ह्ल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यह आरोप भी लगाया कि ह्यह्यसमाज को बांटकर, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाकर और स्वतंत्र संस्थाओं को पंगु कर संघ परिवार भारत के महान प्रजातंत्र को एक संकीर्ण तानाशाही में बदल देना चाहता है और एक षड़यंत्र के तहत विपक्ष को समाप्त किया जा रहा है।

एक और अवधारणा भी है सन 2000 में सर संघचालक बनने के बाद श्री के॰ सुदर्शन ने साफ -साफ कहा था कि भारत का संविधान पश्चिमी मूल्यों पर आधारित है और उसके स्थान पर एक ऐसा संविधान बनाया जाना चाहिए जो भारतीय पवित्र ग्रन्थों पर आधारित हो। सुदर्शन ने कहा था कि वर्तमान संविधान भारत के लोगों के लिए किसी काम का नहीं है क्योंकि वह गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1935 पर आधारित है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें संविधान को पूरी तरह से बदल डालने में संकोच नहीं करना चाहिए।

भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने सन 1998 में सत्ता में आने के बाद संविधान की समीक्षा के लिए एक आयोग की नियुक्ति की थी । इस आयोग (वेंकटचलैया आयोग) की रिपोर्ट लागू नहीं की जा सकी क्योंकि संविधान के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ का विरोध हुआ। भाजपा अपने बल पर 2014 से सत्ता में है और तब से उसने कई बार संविधान की उद्देशिका का प्रयोग, उसमें से धर्मनिरपेक्ष व समाजवादी शब्द हटाकर किया है ऐसा कांग्रेस का आरोप है।

अपने बूते पर यदि भाजपा 400 सीटें जीत कर लाती है तो देश उस प्रक्रिया से भी गुजरना पढ़ सकता है जिसमें प्रजातंत्र का स्वरूप बदलता हुआ दिखाई दे।

सेक्टर मजिस्टेट्रो की चुनाव में होती है अहम भूमिकाः डीएम

चित्रकूट विधानसभा का हुआ प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव पांचवें चरण में संपन्न कराने को 236 चित्रकूट विधानसभा के जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों को ईवीएम/वीवी पैट मशीनों के जागरूकता- प्रशिक्षण बाबत क्रमवार प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण में निर्देश देते डीएम-एसपी।

गुरुवार को कलेक्टेट्रट सभागार में जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण में मतदेय स्थल पर जाने के बाद की व्यवस्था, चेक लिस्ट, मतदान पूर्व तैयारी, मतदान अभिकर्ता की नियुक्ति, मतदान अभिकर्ता की मौजूदगी, माकपोल, मतदान प्रक्रिया, पीठासीन डायरी, 17 ए, 17 सी बाबत प्रशिक्षण दिया। चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की अहम भूमिका होती है, कोई समस्या होने पर सेक्टर मजिस्ट्रेट ही पहुंचेगे। कोई भी सामान्य बातें ध्यान से देखें व सुनें। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश गाइडलाइन का अच्छे से अध्ययन कर लें। चुनाव दौरान मतदान कर्मी बूथों पर ही रहेंगे। मतदान शुरू होने पर दो-दो घंटे पर रिपोर्ट मिलनी चाहिए। जब बूथों पर जायें तो पीठासीन रजिस्टर देखें। सेक्टर मजिस्ट्रेट को पीठासीन के कोई समस्या बताने पर तत्काल पहुंचे। मत पत्र लेखा 17 ए, 17 सी को सही से भरें। मशीन खराब होने पर प्रोटोकॉल अनुसार चुनाव आयोग के निर्देशों अनुसार बदलें। राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में स्ट्रांग रूम में मशीन जमा होंगी। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट/जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि जब तक मशीनें जमा नहीं होती, तब तक कोई मशीनों को छोड़कर नहीं जा सकता। किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि सेक्टर पुलिस अधिकारी लगाए गए हैं। निरंतर साथ रहकर क्षेत्र का भ्रमण करें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों अनुसार चुनाव संपन्न कराना है। सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है। क्षेत्र में जायें तो पुलिस बल के साथ ही जायें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एसडीएम मो जसीम अहमद, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, कृषि उपनिदेशक राजकुमार व प्रशिक्षणकर्ता साकेत बिहारी शुक्ला समेत सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

देशी किस्म का चयन करते किसान।

किसानों ने देशी गेहूं किस्मों का किया चयन

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। मानिकपुर ब्लाक के गिदुरहा गांव में अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान व आरआरए नेटवर्क ने देशी बीजों के संरक्षण को पांच देशी गेहूं की किस्मों पैगम्बरी, बंशी, कठिया, लोक-1 व काला गेहूं प्रदर्शित कराया था। ये फसल पकने की कगार में है। सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली किस्मों के चयन को आसपास के किसानों की सहभागिता से फसलों के लक्षणों को देखकर चयन करें। क्षेत्र में कौन सी गेहूं की देशी किस्म बेहतर रहेगी। महिला-पुरुष किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फसलों के लक्षणों को देखकर देशी गेहूं की लोक-1 किस्म का चयन सभी किसानों ने किया। किसानों से पूंछा कि इसे ही क्यों चयन किया, तब किसानों ने बताया कि ये किस्म जल्दी पककर तैयार होती है।

कल्लों की संख्या ज्यादा है, बाली की मोटाई व लम्बाई भी ज्यादा है। ये हवा से गिरेगी भी नहीं, इसीलिए इसका चयन किया है। कार्यक्रम में आरआरए नेटवर्क के राजीव गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में देशी बीज बचाना है। आगे लेकर जाना है, क्योंकि जब घर का व क्षेत्रीय बीज लगायेंगे तो प्रत्येक वर्ष बीज खरीदने में अतिरिक्त धन खर्च नहीं होगा। अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान के परियोजना समन्वयक विजय ने किसानों से कहा कि संस्थान किसानों की कम लागत वाली प्राकृतिक खेती को हमेशा जागरूक करते रहे हैं, आगे भी करते रहेंगे। अभियान व पानी संस्थान के निदेशक ने भी सहभाग किया। इस मौके पर कृषि समन्वयक गुरुदयाल, राजू प्रसाद, अनीश कुमार, किसान पीएम चरन, राजबहोर, शशिकांत, अनोद, रामदेवी, निर्मला आदि मौजूद रहे।

बुन्देली सेना की पहल

होली के पहले मंदाकिनी घाटों पर सफाई शुरु

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। होली के पहले मंदाकिनी नदी के घाटों की सफाई अभियान बुंदेली सेना ने पन्नालाल घाट से शुरु की। गंदगी से पटे घाट नहाने लायक बनाया। बड़ी तादाद में कचरा व गंदगी नदी से बाहर निकाली।

नदी से गन्दगी निकालते अजीत सिंह आदि।

गुरुवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने 150 नाव लगातार चलने से रामघाट नदी सतह में गंदगी कम रहती है। नयागांव छोटे पुल से लेकर बूडे हनुमानजी मंदिर तक नदी चोई, चारा, गंदगी से पटी पड़ी है। होली में लोगों को साफ-स्वच्छ घाट में स्नान करने को मिले, बुंदेली सेना ने नदी सफाई अभियान शुरु किया है। नयागांव छोटे पुल स्थित पन्नालाल घाट की गुरुवार से सफाई हुई। पहले दिन 50 मीटर तक घाट के आसपास सफाई कर बड़ी तादाद में प्लास्टिक, कचरा, चोई-चारा, गंदगी नदी से बाहर निकाली। लोगों से बुंदेली सेना ने नदी में पालीथिन न फेंकने की अपील की। प्लास्टिक कचरा नदी को प्रदूषित कर रहा है। परम्पराओं के नाम पर नदी को प्रदूषित करना अनुचित है। रामघाट बाद कर्वी के घाटों में सफाई अभियान चलेगा।

राजापुर में सात ट्रक ओवरलोडिंग में हुए बन्द

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने बताया कि 19-20 मार्च रात को खनिज व राजस्व तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध खनन/ढुलान पर कार्यवाही कर सात ट्रक/डम्फर अवैध खनिज व ओवरलोडिंग में थाना राजापुर में बन्द किये।

ट्रक सीज करती पुलिस।

गुरुवार को खनिज अधिकारी ने बताया कि एक वाहन भरतकूप थाने में बन्द किया है। एक वाहन का ऑनलाइन चालान किया। उपखनिजों के अवैध खनन व ढुलान पर निगरानी की जा रही है। भविष्य में कोई भी खनिज सामग्री के अवैध ढुलान में लिप्त मिला तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। टीम में एसडीएम मनोज कुमार झा व राजापुर थानाध्यक्ष मनोज चैधरी समेत खनिज विभाग के लोग शामिल रहे। एक साथ सात ट्रकों के ओवरलोड व अवैध ढुलान में बन्द होने पर खनिज माफियाओं में हडकम्प मचा है।

अपहरण-दुष्कर्म वांछित दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा राजेश कुमार राय ने अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित गोलू उर्फ राजकुमार पुत्र रज्जू कालूपुर मजरा सरधुवा को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा राजेश कुमार राय, सिपाही धर्मेन्द्र कुमार शामिल रहे।

ट्रक से भिडन्त में बाइक सवार घायल

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। मऊ थाने के अहिरी पुल के पास मोटरबाइक सवार रामप्रकाश पुत्र शिवमोहन व राजू निषाद (25) पुत्र मेवालाल निवासी बरवार मऊ कस्बे से अहिरी जा रहा था। सामने से आ रहे अज्ञात ट्रक में भिड़ने से बाइक चालक रामप्रकाश गम्भीर रुप से घायल हो गया। राजू को भी चोट आई। एम्बुलेंस से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। परिजनों को सूचना दी गई है।

शोक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर ब्लाक के पूर्व प्रधान मनीष मिश्रा की मां श्रीमती प्रकाश कुमारी मिश्रा (68) पत्नी स्व नर्मदा प्रसाद मिश्रा की गुरुवार को सवेरे हृदय गति रुकने से निधन होने पर पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र आदि ने शोक जताया है। मृतात्मा की शान्ति को ईश्वर से प्रार्थना की है। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधान मनीष मिश्रा जिले के समाजसेवी भी हैं।

शोक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला कलेक्ट्रेट में तैनात रहे सेवानिवृत्त संतोष कुमार निगम (62) एसडीएम कॉलोनी कर्वी की हृदय गति रुकने से निधन होने पर जिले में शोक की लहर दौड गई। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने मृतात्मा की शान्ति को ईश्वर से प्रार्थना की है। मृतक दो पुत्र व एक पुत्री व पत्नी को रोता-बिलखता छोड़ गये हैं।

85 वर्ष से ऊपर के मतदाता घर में दे सकते हैं वोटः डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के नये दिशा-निर्देश अनुसार प्रदेश के सभी 85 वर्ष आयु के ऊपर के मतदाताओं को मतदान को पोस्टल बैलेट की सुविधा दी गई है। गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने 85 वर्ष आयु से ऊपर के मतदाताओं को सूचित किया है कि स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट से निवास स्थान पर मतदान करने को फार्म 12डी आवेदन कर निवास स्थान पर मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। फार्म 12डी अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के अन्दर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ घर-घर 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को देंगे। भरे हुए फार्म 12डी प्राप्त करेंगे। ये फार्म 12डी भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर डाउनलोड कर भरकर सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर/सहायक रिटर्निंग आफिसर कार्यालय में खुद भी जमा करा सकते हैं।

पांच के कब्जे से 76 क्वार्टर देशी-10 लीटर महुआ शराब बरामद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने चार लोगों व एक महिला के कब्जे से दस लीटर महुआ व 76 क्वार्टर देशी शराब बरामद की।

गुरुवार को चैकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी ने शिवबालक पुत्र गुलाब प्रसाद भंभई के कब्जे से 24 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी के दरोगा अंशुल कुमार ने सचिन कुमार पुत्र स्व रमेश कुमार बनवारीपुर के कब्जे से 19 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा कन्हैया बख्श सिंह ने श्यामलाल निषाद पुत्र धुनाई रेवाडी के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के दरोगा सुरेश प्रताप सिंह ने शिवबहादुर पुत्र स्व बच्चू यादव कलवारा बुजुर्ग के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। सरधुवा थाने के दरोगा राजेन्द्र प्रसाद यादव ने बिनुवा पत्नी भइयालाल सोनकर रहुनिया मजरा सरधुवा के कब्जे से 15 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

डीएम-एसपी ने ज्वलंत बूथों को देखा, सीमा क्षेत्र में देखा चेक पोस्ट

बिना प्रलोभन-भय के करें मतदान

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, निर्भीक, सकुशल संपन्न कराने को मानिकपुर तहसील के ज्वलंत बूथों व इटवा डुडैला में बन रहे अंतर्राज्यीय बॉर्डर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया।

ग्रामीणों से बात करते डीएम-एसपी।

गुरुवार को डीएम-एसपी ने त्यागी इंटर कॉलेज ऐंचवारा के बूथ 270, 271, 272, प्राथमिक विद्यालय गढ़चपा के बूथ 298, 299 का भ्रमण कर पेयजल, रैम्प, फर्नीचर, शौचालय, प्रकाश आदि देखे। बूथ लेवल ऑफीसरों से मतदाता 18 से 19 वर्ष, फार्म 6 व 7 दिव्यांग मतदाता, मृतक मतदाता, गत चुनाव में मतदान प्रतिशत की जानकारी ली। बूथ लेवल ऑफीसरों से कहा कि घरों का भ्रमण कर लें, घर-घर मतदाता पर्ची बांटना है। 70 फीसदी से कम मतदान नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से विवाद बाबत जानकारी ली। ग्रामीणों से अपील किया कि सभी लोग निष्पक्ष, स्वतंत्र, निर्भीक होकर मतदान कदें। अधिक से अधिक मतदान का प्रयोग करें। बीडीओ मानिकपुर से कहा कि मतदाता दस्तक अभियान दौरान टीमों को घर-घर भेजकर मतदाताओं को जागरूक करें। चुनाव को किसी दशा में प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। प्रशासन निष्पक्ष चुनाव करायेगा। कोई अराजक तत्व किसी को प्रभावित करेगा तो दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। बिना किसी को प्रभावित किये शांतिपूर्ण चुनाव होना चाहिए।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने ग्रामीणों से कहा कि सभी मतदाता मतदान के दिन बढ़-चढ़कर मतदान करें। मतदान केंद्रों पर चुनाव को निष्पक्ष कराने को पर्याप्त पुलिस बल लगाया है। किसी के प्रलोभन या डर से मतदान नहीं करना है। अपने मन से मत का प्रयोग करें, कोई समस्या आये तो तत्काल सूचना दें। अराजकतत्वों के खिलाफ कडी कार्यवाही की जाएगी। ऐंचवारा में प्रधान सुनील शुक्ला ने डीएम-एसपी समेत सभी अधिकारियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। डीएम-एसपी ने धारकुंडी तिराहा पर लगाये बैरियर व अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट इटवा डुडैला की व्यवस्थायें देखी। जांच में लगे मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों से कहा कि सभी व्यवस्थायें चैकस कर लें। कोई भी वाहन बिना जांच के प्रवेश नहीं करना चाहिए। निरीक्षण दौरान एसडीएम मानिकपुर पंकज वर्मा, बीडीओ मानिकपुर, थानाध्यक्ष मानिकपुर रीता सिंह, मारकुंडी मनीष कुमार, चैकी प्रभारी सरैया यदुवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

एसपी के निर्देश पर 14 पर मिनी गुण्डा एक्ट

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में पुलिस ने 14 लोगों पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

गुरुवार को मऊ थानाध्यक्ष अजीत कुमार पाण्डेय ने पिन्टू पुत्र जगत केशरवानी कस्बा मऊ, मल्लाहे उर्फ नायब पुत्र बबलू बालापुर अहिरी, लोकनाथ पुत्र फुल्ला बालापुर अहिरी, शिवमूरत पुत्र माताबदल बालापुर अहिरी, राकेश पुत्र रोशन केवट छिवली अहिरी, संतोष उर्फ बहारी पुत्र जमधर छिवली अहिरी, खुशदिल पुत्र बढ़गईया छिवली अहिरी, चन्दा केवट पुत्र धुन्नू केवट छिवली अहिरी, महेन्द्र कुमार उर्फ रज्जन पुत्र उमेश मिश्रा शिवपुर व मिथलेश पुत्र कमलेश राय हन्ना बिनैका पर 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

इसी क्रम में मानिकपुर थानाध्यक्ष श्रीमती रीता सिंह ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले ननकोन उर्फ मौसिया पुत्र सुन्दरलाल सिगवा व गुढ़ानंद पुत्र रविकरन मऊ गुरदरी पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले राम त्रिपाठी पुत्र जगतराम ओरा व रमाशंकर पुत्र शक्तिराम कोडर पुरवा मजरा बक्टा बुजुर्ग पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

तमंचा समेत युवक दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा अरविन्द कुमार सिंह की टीम ने संतोष कचेर पुत्र नवल किशोर ओडकी के कब्जे से तमंचा 315 बोर व दो कारतूस समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा अरविन्द कुमार सिंह, सिपाही राममूरत मिश्रा व नन्हेलाल यादव शामिल रहे।

होली पर्व पर खाद्य सुरक्षा ने शुरु की छापेमारी

अब तक लिये आठ नमूनेः सीआर प्रजापति

चित्रकूट। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त के आदेश व जिलाधिकारी के निर्देश पर होली पर्व पर आम जनता को शुद्ध व सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ सुलभ कराने व मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ रोकथाम को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन का 18 से 24 मार्च तक विशेष अभियान जारी है। गुरुवार का सहायक आयुक्त खाद्य डॉ सीआर प्रजापति ने बताया कि अभियान सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारी चला रहे हैं। अभियान दल ने पुलिस प्रशासन व राजस्व टीम के सहयोग से सूचना पर जगह-जगह छापेमारी की जा रही है। मिलावट/असुरक्षित सामग्री के संदेह पर नमूने लेकर जांच व विश्लेषण को प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। अभियान दल ने 20-21 मार्च तक विभिन्न खाद्य पदार्थों खोया, दूध, पनीर, कचरी के आठ नमूने लिये। जांच को प्रयोगशाला भेजा जायेगा। जांच नतीजे मिलने पर सम्बन्धित खाद्य कारोबारियों पर कार्यवाही की जायेगी। अभियान दल लगातार छापेमारी कर रहा है। खाद्य कारोबारियों को हिदायत दी है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट न करें। अन्यथा कानूनी कार्यवाही होगी। मिलावट बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मिलावट की सूचना मिलने पर विभाग को सूचित करें।

साझी संस्कृति-तालमेल से मनायें होली-रमजानः डीएम

इसी आबो-हवा में सभी को रहना है, उल्लास से मनायें पर्वः एसपी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में होली व ईद पर्व सम्पन्न कराने के मद्देनजर शान्ति समिति की बैठक में धर्म गुरुओं से अपील कर कहा कि पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से मनायें।

होली-रमजान पर बैठक में बोलते डीएम-एसपी।

गुरुवार को कलेक्टेट्रट सभागार में शान्ति समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने होली व ईद पर्व पर ईओ नगर पालिका को निर्देश दिये कि साफ-सफाई, जल संस्थान पानी की व्यवस्था करायें। ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई डीपीआरओ करायें। सीएमओ एम्बुलेंस व स्वास्थ्य टीम मुस्तैद रखें। पुलिस व्यवस्था चैकस रहे। एक्सईएन विद्युत से कहा कि लटक रहे तारों को सही करायें।

जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम व सीओ को निर्देश दिये कि होलिका दहन का स्थलीय निरीक्षण करें। सहयोग की भावना से कार्य करें। किसी भी भ्रामक खबरों की ओर ध्यान न दें। चुनाव आयोग के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए पर्वों को हर्षोल्लास से मनायें। होली व ईद की बधाई देते हुए डीएम ने कहा कि पर्व तालमेल से मनायें। किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि ये पर्व देश के सबसे बड़े पर्व चुनाव के साथ मनाये जायेंगे। धर्म गुरुओं से अपील किया कि सभी को इसी आबो-हवा में रहना है, तालमेल से पर्वों को मनायें। बताई समस्यायें संज्ञान में लेकर निस्तारण किया जायेगा। बैठक में एडीएम एफआर उमेशचंद्र निगम, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एक्सईएन विद्युत दीपक सिंह, ईओ लालजी यादव व धर्मगुरू मौजूद रहे।

23 को होगा लोकलय

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। लोकलय के दसवें संस्करण में चित्रकूटधाम के रानीपुर भट्ट स्थित भारत जननी परिसर में 23 मार्च को बुन्देली पाठा के लोक कलाकार फाग के साथ ढिमराई, कछियाई व सोहर सुनने को मिलेंगे। ये जानकारी संस्थान के मीडिया एवं जनसम्पर्क प्रमुख विश्वदीप ने दी है।

नेपाल और चीन बीआरआई कार्यान्वयन समझौते पर करेंगे हस्ताक्षर, विदेशमंत्री श्रेष्ठ का बीजिंग दौरा तय

काठमांडू। नेपाल में वामपंथी दलों की बहुमत वाली सरकार चीन के साथ बड़ा समझौता करने जा रही है। सरकार ने बेल्ट ऐंड रोड इनिसिएटिव (बीआरआई) कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर को मंजूरी दे दी है। इस समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए विदेशमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ का बीजिंग दौरा तय हो गया है। श्रेष्ठ 24 मार्च को बीजिंग दौरे पर रवाना होंगे।

विदेश सचिव सेवा लम्साल ने विदेशमंत्री के चीन दौरे की पुष्टि की है। बीजिंग में विदेशमंत्री अपने समकक्ष से मुलाकात करेंगे। लम्साल ने कहा कि इस दौरे का मुख्य मुद्दा बीआरआई के कार्यान्वयन को लेकर ही है। सन् 2017 में ही नेपाल की तत्कालीन राष्ट्रपति विद्या देवी भण्डारी ने बीआरआई पर हस्ताक्षर किया था। बावजूद इसके सात वर्ष बाद भी अब तक एक भी काम नहीं हो पाया है। चीन इसके लिए लगातार नेपाल पर दबाव बना रहा था।

प्रधानमंत्री के विदेश मामलों के सलाहकार रूपक सापकोटा ने बताया कि बीआरआई की सुनिश्चितता के लिए इंप्लीमेंटेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए जाने की तैयारी है।

इस समझौते के ड्राफ्ट का एक्सचेंज काठमांडू स्थित चीनी दूतावास के मार्फत हुआ है। सबकुछ ठीक रहा तो संभवतः 25 मार्च को बीजिंग में नेपाल और चीन के विदेश मंत्री इस कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे।

बीआरआई के जरिए चीन के ऋण जाल में नेपाल के फंसने के डर को लेकर सापकोटा ने स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उन्होंने बस इतना संकेत दिया कि जो एग्रीमेंट का ड्राफ्ट एक्सचेंज किया गया है उसमें नेपाल की तरफ से ना तो किसी भी परियोजना का उल्लेख किया गया है और ना ही ऋण के ब्याज को लेकर कुछ भी लिखा हुआ है।

विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस ने इसका विरोध किया है। प्रचण्ड की पिछली सरकार में वित्तमंत्री रहे नेपाली कांग्रेस के नेता प्रकाश शरण महत ने कहा कि यह नेपाल को पाकिस्तान, श्रीलंका की तरह ऋण के जाल में फंसाने जैसी चाल है। महत ने बताया कि नेपाल में किसी भी देश और इंटरनेशनल डोनर एजेंसी के तरफ से जो लोन हम लेते हैं उसका ब्याज प्रतिशत एक प्रतिशत से कम होता है। लेकिन बीआरआई में 4-5 प्रतिशत का ब्याज नेपाल के हित में नहीं है।

नेपाल में बीआरआई समझौते पर हस्ताक्षर के सात वर्ष बाद एक भी परियोजना पर काम शुरू नहीं हुआ है लेकिन पोखरा विमानस्थल के निर्माण के बीच चीन के तरफ से आधिकारिक रूप से उसे बीआरआई का फ्लैगशिप प्रोजेक्ट बताया गया था। उस समय नेपाल सरकार ने इसका विरोध भी किया था।

नेपाल : सहकारी ठगी मामले में गृहमंत्री के खिलाफ संसदीय समिति में लिखित शिकायत दर्ज

काठमांडू। सहकारी ठगी मामले में घिरे देश के उपप्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री रवि लामिछाने की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। लामिछाने के इस्तीफे की मांग पर अड़े विपक्षी दल पिछले एक हफ्ते से लगातार संसद अवरूद्ध कर रहे हैं तो अब उनके खिलाफ संसदीय समिति में लिखित शिकायत दर्ज हुई है।

संसद की राज्य व्यवस्था समिति में आज सूर्यदर्शन सहकारी बचत बैंक के बचतकताओं की तरफ से लोगों ने लिखित शिकायत दर्ज करते हुए इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। सहकारी बैंक के नाम पर ठगे गए लोगों का कहना है कि इस मामले के मुख्य अभियुक्त ही जब देश के गृहमंत्री बन गए हों तो ऐसे में पुलिस या किसी भी सरकारी जांच एजेंसी पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।

इन लोगों का कहना है कि नेपाल के प्रचलित कानून के मुताबिक जो व्यक्ति सहकारी बैंक का सदस्य नहीं होता है उसको सहकारी बैंक से किसी प्रकार की लोन सुविधा नहीं मिलनी चाहिए। इसके बावजूद रवि लामिछाने के खिलाफ प्रमाण सहित शिकायत दर्ज कराई गई है कि सहकारी बैंक से रवि लामिछाने को एक करोड़ रुपये से अधिक का लोन उपलब्ध कराया गया है।

शिकायत पत्र लेते हुए संसद की राज्य व्यवस्था समिति के अध्यक्ष रामहरि खतिवडा ने कहा कि वो इस बात का पूरा प्रयास करेंगे कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो। उन्होंने कहा कि पोखरा में मुख्यालय रहे इस सूर्यदर्शन सहकारी बैंक के बचतकताओं की शिकायत पर प्रारंभिक जांच हुई है, जिसमें इस बात के पुख्ता प्रमाण मिले हैं कि गृहमंत्री रवि लामिछाने दोषी हैं। खतिवडा ने कहा कि नैतिकता के आधार पर गृहमंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने इस मामले पर स्पीकर से बात कर संयुक्त संसदीय जांच समिति की मांग को पुनः रखने का आश्वासन दिया है।

दरअसल, पत्रकारिता पेशा में रहते हुए रवि लामिछाने जिस टेलीविजन में काम करते थे, उसके मालिक जीबी राई ने एक सहकारी बचत बैंक खोला था। उस बचत बैंक के ग्राहकों से वसूले गए करोड़ रुपये रवि लामिछाने और राई के गैलेक्सी टीवी में निवेश किये गये थे। इतना ही नहीं, रवि लामिछाने के नाम पर लोन लेकर दो गाड़ियां भी खरीदे जाने की बात जांच में सामने आई है।

पोखरा महानगरपालिका की जांच रिपोर्ट के मुताबिक सूर्यदर्शन सहकारी बचत बैंक के 19 हजार ग्राहकों से वसूले गए 134 करोड़ रुपये लेकर संचालक जीबी राई फरार हो गए हैं। अब बचतकर्ता सरकार पर लगातार दबाब बना रहे हैं कि निम्न आय स्तर के लोगों से ठगी मामले में रवि लामिछाने को भी गिरफ्तार कर उनसे पैसा वसूला जाना चाहिए।

पाकिस्तान में ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर में बलूच उग्रवादियों का हमला, सुरक्षा बलों ने सात हमलावरों ढेर किया

कराची। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत स्थित ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर में बुधवार को सुरक्षा बलों ने हथियारों से लैस बलूच उग्रवादियों के हमले को नाकाम करते हुए सात उग्रवादियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अलगाववादी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) बलूचिस्तान में चीन के निवेश का विरोध करता है, और चीन एवं पाकिस्तान पर संसाधन संपन्न प्रांत के शोषण का आरोप लगाता है। ग्वादर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोहैब मोहसिन ने मीडिया को बताया कि ह्यह्यसात हमलावर मारे गए। मकरान डिवीजन के आयुक्त सईद अहमद उमरानी ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि हमलावर ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण की इमारत में घुसने का प्रयास कर रहे थे। इससे पहले, स्थानीय मीडिया की खबरों में कहा गया कि सुरक्षा बलों के अभियान में आठ उग्रवादी मारे गये। अभी तक किसी सुरक्षाकर्मी या आम नागरिक के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग ने एक बयान में कहा कि ग्वादर स्थित संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों के सात कर्मी सुरक्षित हैं। प्रतिबंधित बीएलए के माजिद ब्रिगेड ने हमले की जिम्मेदारी ली है। यह बीएलए का आत्मघाती दस्ता है जो मुख्यतः सुरक्षा बलों और चीनी प्रतिष्ठानों को निशाना बनाता है। ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगे बलूचिस्तान में लंबे समय से हिंसा छिड़ी है। पूर्व में बलूच विद्रोही समूहों ने 60 अरब अमेरिकी डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं को निशाना बनाते हुए कई हमले किए हैं। सीपीईसी के अंतर्गत कई परियोजनाओं में हजारों चीनी नागरिक पाकिस्तान में काम कर रहे हैं।

ईडी ने मल्टीलेवल मार्केटिंग मामले में 84.24 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मल्टीलेवल मार्केटिंग स्कीम मामले में 84.24 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई धन शोधन निवारण कानून (पीएमएलए), 2002 के तहत की है।

प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि मल्टीलेवल मार्केटिंग स्कीम मामले में 19 मार्च को जांच एजेंसी ने प्रमोटरों भाऊसाहेब छब्बू चव्हाण, आरती भाऊसाहेब चव्हाण और अन्य द्वारा अर्जित की गई 84.24 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्तियों सहित चल-अचल संपत्तियां जब्त की है।

ईडी ने कहा कि जब्त की गई यह संपत्तियां महाराष्ट्र और राजस्थान के अन्य क्षेत्रों के अलावा नासिक, ठाणे, सिंधुरगढ़ और पाली जिलों में स्थित हैं।

ईडी ने कहा कि इन प्रमोटरों भाऊसाहेब छब्बू चव्हाण और आरती भाऊसाहेब चव्हाण की संपत्तियों को धन शोधन निवारण कानून, 2002 के तहत अटैच किया गया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि जिन संपत्तियों को अटैच किया गया है, उसमें बेनामी संपत्तियां, डीमैट खाते, डाकघर के बचत खातों में जमा पैसे, चांदी और हीरे के आभूषणों और बैंक अकाउंट में जमा पैसा भी शामिल है।

नेपाल : सरकारी जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तारी के डर से सांसद विनोद चौधरी ने सीआईबी को बयान दर्ज कराया

काठमांडू। सरकारी जमीन घोटाला मामले में सांसद विनोद चौधरी ने गुरुवार सुबह केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीआईबी) के दफ्तर पहुंच कर अपना बयान दर्ज कराया है। इसी जमीन घोटाला मामले में सांसद बिनोद चौधरी के एक भाई अरूण चौधरी को गिरफ्तार किया गया था जबकि दूसरे भाई बसन्त चौधरी से भी कल बुधवार को पांच घंटे तक पूछताछ की गई थी।

सरकारी जमीन घोटाला मामले में सांसद चौधरी को पिछले एक महीने में तीन बार समन भेज कर बयान के लिए बुलाया गया था लेकिन हर बार वह बयान देने से बचते रहे। सीआईबी के तीसरे समन का आज आखिरी दिन था। अगर आज शाम पांच बजे तक अगर वो बयान देने नहीं आते तो सीआईबी ने उनकी गिरफ्तारी की तैयारी कर ली थी। पिछले 15 दिनों से उनके घर और दफ्तर पर पुलिस लगातार नजर बनाए हुई थी। सभी सीमा नाका और एयरपोर्ट पर उनके नाम का अलर्ट जारी कर दिया गया था। आखिर में जब सीआईबी ने उनकी गिरफ्तारी के लिए संसद के स्पीकर से अनुमति मांगी, तब जाकर वे बयान देने आज पहुंचे थे।

सांसद चौधरी ने आज सुबह 7 बजे ही सीआईबी हेडक्वार्टर पहुंच गए। इस मामले की जांच कर रहे सीआईबी अधिकारियों ने सांसद चौधरी से तीन घंटे तक पूछताछ की। इसके बाद चौधरी को सरकारी वकील के दफ्तर ले जाकर वहां उनका बयान रिकार्ड कराया गया। उन पर सरकारी जमीन को पहले लीज पर लेने, फिर बाद में अपने परिवार के नाम पर कर लेने और उसी जमीन को बैंक में रख कर उस पर करोड़ों रुपये का लोन लेने का आरोप है।

सीआईबी को बयान देने के बाद सांसद विनोद चौधरी ने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है लेकिन 16 वर्ष पुराने मामले में जबरन उनका नाम घसीट कर उनसे राजनीतिक प्रतिशोध लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वो एक प्रतिष्ठित बिजनेसमैन हैं और एक सांसद भी लेकिन जिस तरह से उनके मामले में मीडिया ट्रायल किया गया है, उससे देश में सभी उद्योग कारोबारियों का मनोबल कम हुआ है।

निसान मोटर इंडिया ने सौरभ वत्स को प्रबंध निदेशक नियुक्त किया

नई दिल्ली। कार निमार्ता कंपनी निसान मोटर इंडिया ने सौरभ वत्स को कंपनी का प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। वत्स 15 जनवरी, 2024 को कंपनी के उप प्रबंध निदेशक के तौर पर नियुक्त किए गए थे। उनका कार्यकाल एक अप्रैल, 2024 से प्रभावी होगा।

कंपनी ने गुरुवार को ह्यएक्सह्न पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि सौरभ वत्स को कंपनी का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। वे राकेश श्रीवास्तव का स्थान लेंगे, जो 31 मार्च, 2024 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इससे पहले वत्स 15 जनवरी को कंपनी के उप प्रबंध निदेशक नियुक्त किए गए थे। उनका कार्यकाल एक अप्रैल, 2024 से प्रभावी होगा।

कंपनी ने कहा कि वत्स निसान इंडिया परिचालन के अध्यक्ष और बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन के क्षेत्रीय प्रभाग के उपाध्यक्ष फ्रैंक टोरेस को रिपोर्ट करेंगे।

उल्लेखनीय है कि निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) निसान मोटर कंपनी लिमिटेड जापान की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। इसकी स्थापना 2005 में हुई थी, जो भारत में हैचबैक, एमयूवी, एसयूवी और सेडान मॉडल पेश करती है। भारतीय बाजार में निसान इंडिया के पास दो ब्रांड, निसान और डैटसन का पोर्टफोलियो है।

पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह अहाते में जबरन घुसे बंदूकधारी, गोलीबारी की

ग्वादर। बम और भारी गोला-बारूद से लैस बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आतंकवादी ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स में घुस गए। उन्होंने अहाते पर कब्जा करने की कोशिश की।

हमलावरों ने अहाते में घुसते ही गोलीबारी शुरू कर दी, जबकि आसपास बम विस्फोटों की आवाजें भी सुनी गईं। पुलिस और सुरक्षा बलों की टुकड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और ताबड़तोड़ गोलीबारी की।

मकरान के कमिश्नर सईद अहमद उमरानी ने कहा कि परिसर में घुसने की कोशिश करने वाले कम से कम सात हमलावरों को सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई कर रोका और उनके हमले को नाकाम कर दिया।

उन्होंने कहा, ह्लअब तक सात हमलावरों को मार गिराया गया है। हम अभी भी घायलों का आकलन कर रहे हैं। सूत्रों ने यह भी पुष्टि की कि इस समय सफाई और तलाशी अभियान भी चल रहा है। हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की माजिद ब्रिगेड ने आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली है।

बीएलए का नवीनतम हमला पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि के बीच हुआ है, विशेष रूप से खैबर पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान प्रांत में केंद्रित है। पाकिस्तानी सुरक्षा बल तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) सहित आतंकवादी समूहों, आतंकवादियों और उनके सहयोगी गुटों के पदचिह्नों को उखाड़ने के लिए लक्षित खुफिया आधारित अभियान (आईबीओ) चला रहे हैं।

बीएलए की माजिद ब्रिगेड सक्रिय रूप से पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर हमले कर रही है।टीटीपी और बीएलए भी एक गठबंधन में आ गए हैं, जिससे पाकिस्तान के लिए सुरक्षा स्तर की चुनौतियां बढ़ गई हैं।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि सीमा पार से किए जा रहे हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पूरीपाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह अहाते में जबरन घुसे बंदूकधारी, गोलीबारी की

बम और भारी गोला-बारूद से लैस बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आतंकवादी ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स में घुस गए। उन्होंने अहाते पर कब्जा करने की कोशिश की।

ऋषि सुनक को झटका, हाउस ऑफ लॉर्ड्स से नहीं पास हो सका रवांडा विधेयक

लंदन। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का महत्वकांक्षी 'रवांडा विधेयक' फिर अटक गया। ब्रिटिश संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स में बुधवार को इस विधेयक पर मतदान हुआ मगर वह पारित नहीं हो सका। हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्यों ने विधेयक में संशोधन की मांग की है।

लंदन के प्रमुख समाचार पत्र 'द टाइम्स और द संडे टाइम्स' की एक्स हैंडल पोस्ट के अनुसार, इससे पहले भी हाउस ऑफ लॉर्ड्स में उड़ानों में देरी के मुद्दे पर सुनक की आलोचना हो चुकी है। अब रवांडा बिल पर उन्हें एक और झटका लगा है। उन्होंने सांसदों से इस विधेयक पर एकजुट होने का अनुरोध किया था। सरकार का कहना है कि रवांडा विधेयक का उद्देश्य ब्रिटेन में इंग्लिश चैनल से अवैध रूप से आने वाले शरणार्थियों को रोकना है। पिछले साल इंग्लिश चैनल से 29,437 लोग ब्रिटेन पहुंचे थे। इस बीच विपक्षी नेताओं के साथ सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी के कुछ नेताओं ने भी विधेयक में संशोधन करने का समर्थन किया है।

इसका मकसद

रवांडा विधेयक के तहत ब्रिटेन की सरकार शरण लेने वाले लोगों को रवांडा भेजेगी। वहां से वे ब्रिटेन में शरण पाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। शरणार्थियों के लिए ब्रिटेन की सरकार ने रवांडा को साल 2023 के अंत में 24 करोड़ पाउंड का भुगतान किया था।

दो साल से अधर में

रवांडा विधेयक का ऐलान अप्रैल 2022 में बोरिस जॉनसन की सरकार के दौरान किया गया था। पिछले साल नवंबर में ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट ने इस विधेयक पर कहा था कि ब्रिटेन में शरण मांगने वाले लोगों के लिए रवांडा सुरक्षित देश नहीं है। इसके बाद सुनक सरकार ने दिसंबर में 'सेफ्टी ऑफ रवांडा विधेयक' सदन में पेश किया। अगर यह विधेयक ब्रिटेन के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स से पास हो गया होता तो सुप्रीम कोर्ट का फैसला बायपास हो जाता।

लेबर पार्टी का रुख

विपक्षी पार्टी लेबर पार्टी इस विधेयक के विरोध में है। उसने ऐलान किया है कि अगर विधेयक पारित भी हो जाता है तो इसे सत्ता में आने पर वापस लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में अगले साल जनवरी में आम चुनाव होना है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।